हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 21 अप्रैल 2026






# सामान्य सभा आजः पक्ष-विपक्ष के पार्षदों ने लगाए 16 प्रश्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहरी सरकार द्वारा कल 22 अप्रैल को बजट पेश किए जाने से पहले आज मंगलवार को सामान्य सभा का आयोजन किया गया है। आज की सामान्य सभा हंगामेदार होने की संभावना जताई जा रही है। बताया गया कि विपक्ष के साथ ही सत्तापक्ष के पार्षदों ने भी शहर विकास से जुड़े कुल 16 सवाल प्रश्नकाल के लिए लगाए है। इनमें जल, सफाई के साथ ही बगैर टेंडर के हो रहे काम के साथ ही अन्य विषय शामिल है। बताया गया कि जहां सत्ताधारी दल ने बैठक कर अपनी रणनीति तैयार की है, वहीं विपक्षी दल भी शहर सरकार को घेरने के लिए प्लान बना चुकीं है।

## जल-ऑडोटोरियम जैसे मामलों से गूंजेगा सदन, हंगामेदार होने की संभावना

### एक घंटे का प्रश्नकाल

ज्ञात हो हर सामान्य सभा के शुरुआती पहले घंटे में प्रश्नकाल का आयोजन किया जाता है। इस दौरान ही पार्षदों द्वारा लगाए गए प्रश्नों पर चर्चा की जाती है। इस बार की सामान्य सभा के प्रश्नकाल के लिए कुल 16 सवाल पार्षदों द्वारा लगाए गए है। इनमें विपक्ष से अधिक प्रश्न सत्तापक्ष के पार्षदों द्वारा लगाए गए है।




### अवंतिबाई चौक, बनेगा ऑडोटोरियम

आज की सामान्य सभा में आधा दर्जन से अधिक विषय रखें जाएंगे। इनमें सामाजिक सुरक्षा पेंशन, जाति प्रमाण पत्र के साथ ही महारानी स्कूल चौक का नाम अवंतिबाई चौक के नाम पर करना जैसे विषय शामिल है। इसके अलावा शहर सौंदर्यीकरण के लिए गुड़ाखु लाइन स्थित आयुर्वेदिक अस्पताल, फौव्वारा चौक, पुत्री शाला, बस स्टैंड स्थित गांधी भवन, रामनगर में जर्जर भवन, कस्तुरबा मंडल में स्थित दुकानों को तोड़कर व्यावसायिक भवन बनाने का प्रस्ताव भी शामिल है। वहीं सृष्टि कॉलोनी में दो सौ सीटर ऑडोटोरियम बनाने का प्रस्ताव भी शामिल है।

उल्लेखनीय है कि शहर विकास को लेकर पक्ष और विपक्ष में चर्चा के लिए ही सामान्य सभा का आयोजन किया जाता है। नियमानुसार हर दो से तीन महीने में एक सामान्य सभा के आयोजन के निर्देश है। लेकिन पिछले एक दशक से निगम में जिसकी भी सरकार रही, उसने सामान्य सभा के आयोजन को लेकर कोई अधिक दिलचस्पी नहीं दिखाई। यहीं कारण है कि पिछले एक साल के दौरान यह इस शहर सरकार की दूसरी ही सामान्य सभा है। बजट से ठीक पहले इसके आयोजन किए जाने से कई मामलों में जोरदार बहस की उम्मीद की जा रही है। आज सुबह से ही निगम के टाउनहॉल में यह सामान्य सभा का आयोजन होगा।

## खबर संक्षेप

### शादी का झांसा देकर कुकर्म, गिरफ्तार



**राजनांदगांव।** शादी का झांसा देकर कुकर्म करने के एक मामले की जांच कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत पीड़ित महिला द्वारा 10 अप्रैल को थाना डोंगरगढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि आरोपी विकास कोसले से लगभग 5-6 माह पूर्व एक शादी समारोह में मुलाकात हुई थी।

जहां दोनों ने एक-दूसरे का नाम-पता एवं मोबाइल नंबर लिया। इसके बाद दोनों के बीच इंस्टाग्राम के माध्यम से दोस्ती हुई और बातचीत होने लगी। 23मार्च को आरोपी विकास कोसले डोंगरगढ़ घूमने आया और पीड़िता को राधिका लॉज ले जाकर शादी करने का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया।

बाद में आरोपी द्वारा शादी से इंकार कर दिया गया तथा शारीरिक संबंध के दौरान बनाए गए अश्लील वीडियो को अपने इंस्टाग्राम पर वायरल कर दिया गया। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर धारा 69 बीएनएस एवं 67(क) आईटी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

अपराध पंजीबद्ध होने के बाद आला अफसरों के निर्देश पर टीम गठित कर आरोपी की तलाश हेतु जिला रायपुर रवाना किया गया, जहां से आरोपी विकास कोसले 26 वर्ष भंडारपुरी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया।

## आमजन और विपक्ष के विरोध बाद शहर सरकार ने वापस लिया फैसला

# यू-टर्नः संपत्तिकर घटा, व्यावसायिक में 20 और घरेलू में 10% ही वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गाइडलाइन दरों के अनुसार संपत्ति कर में हुई वृद्धि के बाद इसका विरोध देखने को मिला। नई गाइडलाइन से कई जगह पर संपत्ति कर 100 से 200 गुना तक बढ़ गया था। अब सामान्य सभा में बजट से पहले महापौर मधुसूदन यादव ने शहर की जनता को राहत देने के लिए बढ़ी हुई दरों को वापस लेते हुए मेयर इन काउंसिल में वर्ष 2025-26 के संपत्ति कर में ही 10 प्रतिशत की वृद्धि घरेलू के लिए और 20 प्रतिशत की वृद्धि व्यावसायिक क्षेत्र की संपत्ति कर पर की है।

एक प्रेस कांफ्रेंस आयोजित करते हुए महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि यदि घरेलू संपत्ति करदाता 1 हजार रुपये संपत्ति कर दे रहा था, तो अब उसे 11 सौ रुपये संपत्ति कर देना होगा, इसी तरह व्यावसायिक क्षेत्र में यदि कोई 1 हजार संपत्ति कर दे रहा था तो उसे अब बढ़ी हुई दर से 12 सौ रुपये देना होगा। उन्होंने कहा कि यह वृद्धि मामूली वृद्धि है जो 9 वर्ष बाद की गई है। उन्होंने कहा कि हम जनता पर ज्यादा कर का बोझ नहीं देंगे।



महापौर ने प्रेस वार्ता लेकर दी जानकारी।


7 वार्ड में संपत्तिकर दोगुना बढ़ा, दर्जनभर वार्ड में 50% की बढ़ोत्तरी

आम लोगों में दिख रही नाराजगी, विपक्ष मामले को लेकर करेगा प्रदर्शन

कच्चा-पक्का मकान की अलग दर

### समायोजन हो जाएगी राशि

महापौर मधुसूदन यादव ने बताया कि 1 अप्रैल से गाइडलाइन दर के अनुसार जिन्होंने बढ़ी हुई संपत्ति कर अदा कर दिया है, उन्हें भी इसमें राहत मिलेगी। उनके अतिरिक्त जमा राशि का समायोजन हो जाएगा या वह अपनी राशि वापस ले सकेंगे।

### जनता को गुमराह कर रही कांग्रेसः मधु

प्रेस कांफ्रेंस के दौरान महापौर मधुसूदन यादव ने विपक्ष की कांग्रेस को भी आड़े हाथों लिया, उन्होंने कहा कि जब संपत्ति कर में गाइडलाइन दर के अनुसार बढ़ोतरी हो रही थी तो कांग्रेस के लोग इसमें खामोश थे और कोई भी आपत्ति नहीं की, इसके खिलाफ वोटिंग नहीं की, वहीं दर बढ़ने के बाद उन्होंने जनता को छलने के लिए विरोध का दिखावा किया।

### जनहित में किया विरोध, वृद्धि गलतः कांग्रेस

इधर बढ़ाए गए संपत्तिकर को लेकर लगातार विरोध दर्ज कराने वाली कांग्रेस ने संपत्तिकर बढ़ोत्तरी के निर्णय को वापस लेने के बाद इसका समर्थन किया है। नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने कहा कि भाजपा ने पहले शासन के निर्देश बताते हुए गुमराह करने का काम किया था। जनहित में हमने विरोध दर्ज कराया, यहीं करण है कि सरकार को युटर्न लेना पड़ा।

### वार्डो में कर की हुई अप्रत्याशित वृद्धि

महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि व्यापारी संगठन और अन्य लोगों के द्वारा भी बढ़ी हुई दर को लेकर इसमें पुनर्विचार की मांग की गई थी, जिसके बाद हमने भी वस्तु स्थिति का बारीकी से अध्ययन किया। जिससे कई क्षेत्रों में दरे काफी बढ़ी हुई लगने पर संशोधन किया गया। नियमों के तहत तथा कलेक्टर गाईड लाईन अनुसार दर निर्धारित करने पर सम्पत्तिकर में लगभग सभी वार्डों में अप्रत्याशित वृद्धि हुई जिससे जनसामान्य पर सम्पत्तिकर वृद्धि का आर्थिक बोझ पड़ा। जिसका परिणाम यह हुआ कि कुछ क्षेत्रों में सम्पत्तिकर दुगुना तथा कहीं दुगुना से ज्यादा वृद्धि हो गयी थी। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान नगर निगम के अध्यक्ष पारस वर्मा और एमआईसी मेंबर उपस्थित रहे।

# मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एसी खराब, मरीज हलाकान



**राजनांदगांव।** शहर के पेंड्री स्थित मेडिकल कॉलेज अस्पताल में बढ़ते तापमान के बीच मरीजों को गर्मी से हलाकान होना पड़ रहा है। बताया गया कि आईसीयू जैसे वार्ड में तीन दिनों से एसी खराब पड़ी हुई है, जिसकी मरम्मत में देरी देखने को मिल रही है।

हालांकि प्रबंधन का कहना है कि जिस वार्ड में एसी खराब हुई थी वहां कूलर की व्यवस्था कर दी गई है। साथ ही जल्द एसी के सुधार का कार्य भी कर लिया जाएगा। सभी वार्ड में कूलर की व्यवस्था की गई है, 20 अतिरिक्त कूलर की भी खरीदी की जा रही है।




# तुमड़ीबोड़ के समीप भीषण आगजनी, 90 एकड़ क्षेत्र में फैली आग से दहशत, आवागमन बाधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के तुमड़ीबोड़ से डोंगरगढ़ मार्ग पर सोमवार शाम लगभग 4 बजे के करीब एक खाली प्लाट क्षेत्र में अचानक आग की लपटें उठती देख राहगीर सकते में आ गए। इस आगजनी की सूचना पुलिस और दमकल वाहन को दी गई । लगभग 15-20 मिनट में ही दमकल वाहन पहुंचने से पहले ही आग तेजी से झाड़ियां में फैलने लगी और लगभग एक घंटे के भीतर ही 90 एकड़ का क्षेत्र आग की चपेट में आ गया।

तुमड़ीबोड़ से डोंगरगढ़ मार्ग पर लगी इस आग की तेज लपटों की वजह से इस सड़क से कुछ घंटे तक आवागमन भी बाधित हो गया। बोदेला खार से पहले 90 एकड़ के क्षेत्र में हुई इस आगजनी पर काबू पाने के लिए स्थानीय पंचायत के अलावा, एबीस कंपनी और राजनांदगांव शहर से फायर ब्रिगेड भी मौके पर पहुंची, काफी मशक्कत के बाद इस आग पर काबू पाया गया।

### पेट्रोल पंप के सामने जलती रही आग



जिस जगह पर आगजनी हुई वहां समीप ही ठीक सामने सड़क के पार एक पेट्रोल पंप भी संचालित है, जिससे आग पर काबू पाने तक दहशत की स्थिति बनी रही । पेट्रोल पंप के समीप ऐतिहातन फायर ब्रिगेड खड़े किया गया और आग बुझाने के उपकरण भी तैयार रखे गए ।

### जांच में जुटी पुलिस

आगजनी किस कारण से हुई यह अभी स्पष्ट नहीं हुआ है । लेकिन माना जा रहा है कि अक्षय तृतीया के अवसर पर कुछ लोगों के द्वारा इस क्षेत्र में अपने खेतों पर पूजा-पाठ करने गए हुए थे । संभावना जताई जा रही है कि इसी दौरान दीया बाती या अगरबत्ती के माध्यम से आगजनी हुई होगी। बहरहाल पुलिस इस आगजनी के कारण को लेकर जांच कर रही है ।

### आग बुझाने घंटे करनी पड़ी मशक्कत

मिली जानकारी के अनुसार तुमड़ीबोड़ पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत जिस जगह पर आग लगी वहां लगभग 50 एकड़ में प्लांटेशन किया गया था। आगजनी में वृक्ष भी चपेट में आए। आगजनी पर काबू पाने के लिए व्यापारी संघ के अध्यक्ष अजय जैन, रोहित साहू, आशीष साहू, राकेश शर्मा, अमरोतन साहू, आकाश जैन सहित अन्य लोगों ने भी प्रयास किया और काफी मशक्कत के बाद इस आग पर काबू पाया गया ।

## माय एंगल







## दो डिग्री गिरावट के बाद 43 अंश पर पहुंचा अधिकतम तापमान

# बंगाल की खाड़ी से आ रही नमीयुक्त हवाओं ने बदला मौसम, बेमौसम बारिश को लेकर अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



बंगाल की खाड़ी से आ रही नमीयुक्त हवाओं के चलते एक बार फिर मौसम ने यू-टर्न ले लिया है। जहां रविवार को अंचल को अधिकतम तापमान 45 डिग्री तक पहुंच गया था। वहीं इसमें लगभग दो डिग्री की गिरावट सोमवार को दर्ज की गई है। वहीं सोमवार को ही बेमौसम बारिश को लेकर राजनांदगांव जिले के लिए अलर्ट भी जारी किया गया था। मौसम विभाग के अनुसार अगले 48 घंटे में तापमान में और कमी देखने को मिल सकती है।

उल्लेखनीय है कि अप्रैल के दूसरे सप्ताह से ही तापमान में लगातार इजाफा देखने को मिला है। लेकिन अब इसमें गिरावट देखने को मिली है। मौसम विभाग के अनुसार एक पश्चिमी विक्षोभ जम्मू कश्मीर और उसके आसपास 3.1 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका /हवा की अनियमित गति तेलंगाना से कोमोरिन तक 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। उत्तर दक्षिण द्रोणिका पूर्वी बिहार से दक्षिण पश्चिम मध्य प्रदेश तक छत्तीसगढ़ होते हुए 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक प्रति चक्रवात अंदरुनी महाराष्ट्र और उससे लगे तेलंगाना तथा उत्तर अंदरूनी कर्नाटक के ऊपर 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

### दो दिन अंधड़ की चेतावनी

बताया गया कि प्रदेश में कल 21 अप्रैल को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में हल्की गिरावट संभावित है। कल के बाद अधिकतम तापमान में वृद्धि का दौर प्रारंभ होने की संभावना है। उत्तर-दक्षिण द्रोणिका, बादल कम है।

## खबर संक्षेप

### वर्षा को मिला गोल्ड मेडल



**डोंगरगढ़।** आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज उज्जैन में आयोजित दीक्षांत समारोह में जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव विष्णु लोधी शामिल हुए। इस कार्यक्रम में केंद्रीय विद्यालय डोंगरगढ़ की छात्रा रही वर्षा लिल्हारे का टॉप करने पर गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। डॉ. वर्षा लिल्हारे ने अपने गांव और लोधी समाज को गौरवान्वित किया है।

### तोमर बने पेंशनर्स महासंघ के मंत्री

**डोंगरगढ़।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ की कार्यकारिणी में डोंगरगढ़ को महत्वपूर्ण प्रतिनिधित्व मिलने पर क्षेत्र में खुशी की लहर है। महासंघ द्वारा की गई घोषणा के अनुसार वरिष्ठ सदस्य सीबीएस तोमर को प्रदेश मंत्री का दायित्व सौंपा गया है। महासंघ के प्रांतीय अध्यक्ष वीरेंद्र नामदेव ने नई कार्यकारिणी में डोंगरगढ़ को विशेष महत्व दिया है। इस अवसर पर अश्वनी नायक, एलसी खोब्रागढ़े, डीआर मानिकपुरी, अवनी कुमार ब्राह्मणकार आदि हर्ष व्यक्त करते हुए श्री तोमर को बधाई दी है। महिला एवं बाल विकास प्रकोष्ठ की अध्यक्ष अंबिका नंदेश्वर, उपाध्यक्ष श्रीमती बोरकर आदि ने इस उपलब्धि को गौरवपूर्ण बताया है।

### सफाई मित्रों के सेहत की जांच नहीं

**डोंगरगढ़।** मिशन क्लीन सिटी अंतर्गत काम करने वाले सफाई मित्रों के स्वास्थ्य की लंबे समय से जांच नहीं हो रही है। वहीं आवश्यक संसाधनों की भी कमी देखी जा रही है। नगर में कार्यरत सफाई मित्रों का पिछले दो वर्षों से स्वास्थ्य परीक्षण नहीं हुआ है। वहीं उन्हें जरूरी सफाई सामग्री भी उपलब्ध नहीं कराई जा रही है, जिससे उनके कार्य और स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। सफाई मित्रों का कहना है कि स्वास्थ्य जांच के नाम पर केवल औपचारिकताएं निभाई जाती हैं। गंभीर बीमारियों कह जांच नहीं होती। सामान्य दवाएं देकर उन्हें वापस भेज दिया जाता है।

### बिल पारित न होना दुर्भाग्यपूर्ण



**डोंगरगढ़।** सांसद प्रतिनिधि डॉ. तरुण हत्थेल ने लोकसभा में 131 वें संशोधन विधेयक के पारित न हो पाने पर खेद व्यक्त किया है। उन्होंने इसे देश की आधी आबादी के लिए दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। डॉ. हत्थेल ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने नारी शक्ति वंदन की भावना के साथ महिला आरक्षण बिल संसद पटल पर रखा। 21 घंटे की मैराथन चर्चा के बाद भी विपक्षी दलों की नकारात्मक राजनीति के कारण बिल को दो-तिहाई बहुमत नहीं मिल सका और यह बिल गिर गया। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने वोट नहीं देकर अपनी महिला विरोधी मानसिकता का परिचय दिया है। डॉ. हत्थेल ने बताया कि भाजपा कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर महिलाओं को इस बिल की जानकारी देंगे और बताएंगे कि कौन-कौन सी पार्टियां उनके हक के रास्ते में रोड़ा बन रही हैं।

### बच्चों को नई दिशा देने का प्रयास



**डोंगरगांव।** बच्चों में रचनात्मक सोच विकसित करने और ग्रीष्म कालीन अवकाश का सदुपयोग करने के लिए संस्कार मंडल ने रविवार को जैन भवन में एक दिवसीय समर वेकेशन क्लास का आयोजन किया। इस आयोजन में 5 से 15 साल आयु के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान बच्चों को जागृति टावरी और गायत्री टावरी ने विभिन्न आर्ट एंड क्राफ्ट गतिविधियाँ कराई गईं, जिससे बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया। उन्होंने बच्चों को ग्रीष्मकालीन अवकाश का उपयोग अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए करने प्रेरित किया। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियाँ बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होती हैं। कार्यक्रम के आयोजन में संस्कार मंडल की आकांक्षा जैन, दामिनी जैन, अनुभा जैन, अंजली जैन, रानू जैन, हीना जैन, सुरभि जैन, सोनम जैन सहित अन्य सदस्यों की सराहनीय भूमिका रही।

### जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा



**डोंगरगढ़।** गौड ब्राम्हण समाज ने परशुराम जयंती के अवसर पर महावीर प्रांगण से शोभायात्रा निकाल कर शहर भ्रमण किया। शोभायात्रा जयस्तंभ चौक, खंडुपारा, गोलबजार, अग्रसेन चौक होते हुए पुनः महावीर तलाब पहुंची। यहां भगवान परशुराम की पुजा आरती के साथ सामाजिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

### शहर के बीच में खुली मांस मटन की दुकानें

**डोंगरगढ़।** शहर के मध्य एवं मुख्य मार्ग में चिकन, मटन, बिरयानी की दुकाने बड़ी संख्या में खुल रही है। इन दुकानों में नानवेज सामग्री को सामने रखकर बेचा जा रहा है जिससे गुजरने वाले लोगों को परेशानी हो रही है। शहर में चल रही मटन चिकन की दुकानों में प्रतिस्पर्धा के चलते कम दर पर खादय समाग्री बेचने का दौर चल रहा है। दुकानो में बनने वाले नानवेज सामग्री की जांच नहीं की जा रही है। प्रतिबंधित बटेर, तीतर व अन्य वन्य प्राणियों के मांस को पकाकर बेचने की जानकरी मिल रही है। चिकन बिरयानी के नाम से फार्म हाउस की कम दाम में मिलने वाली मरी मुर्गियों को लाकर खपाया जा रहा है।

### विधायक ने पूर्व सरपंच का जाना कुशलक्षेम



**डोंगरगढ़।** विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने बोटेपार पहुंचकर कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पूर्व सरपंच उमराव वर्मा से मुलाकात की। श्री वर्मा कुछ दिनों से अस्वस्थ्य होने के बाद अस्पताल में भर्ती थे। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद विधायक ने उनके निवास पहुंचकर स्वास्थ्य की जानकारी ली।

### परशुराम चौक का भूमिपूजन

**गंडई पंडरिया।** बरबसपुर में अक्षय तृतीया को भगवान परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस उपलक्ष्य में धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। इस अवसर पर ग्राम में श्री परशुराम चौक का भूमिपूजन किया गया। मंत्रोच्चार के साथ पूजन कर चौक की आधारशिला रखी गई। इस मौके पर अमित शर्मा, विरेंद्र तिवारी, मनोज चौबे, पुकेन्द्र तिवारी, छन्नू कश्यप, सरपंच आकाश बंजारे, दीपक धनकर, दिलीप बघेल, हरिश खुसरो, ऋषि कश्यप, मिथलेश यादव, ईश्वरी सेन, खेम यादव मौजूद थे। अंत में परशुराम की आरती कर प्रसाद वितरण किया गया।

## खींचतान से उच्च शिक्षा हासिल करने के सपने पर लग सकता है विराम

# कॉलेज के लिए उमरवाही और गोड़लवाही में तकरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुज्जी

उमरवाही के क्षेत्र 52 गांवों के छात्रों को उच्च शिक्षा के लाभ से वंचित होना पड़ सकता है। उच्च शिक्षा विभाग ने उमरवाही में महाविद्यालय खोलने का फैसला लिया है जिसके स्थल चयन को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। उमरवाही और गोड़लवाही में महाविद्यालय लेकर तकरार बढ़ गई है जिसका नुकसान 52 गांवों के छात्रों को उठाना पड़ सकता है।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत उमरवाही में महाविद्यालय खोलने की उच्च शिक्षा विभाग ने सहमति दे दी है। इस सहमति के बाद उमरवाही और गोड़लवाही के ग्रामीणों में हर्ष है. लेकिन स्थल चयन को लेकर उपजे विवाद ने छात्रों के भविष्य पर प्रश्न चिन्ह खड़ा कर दिया है। महाविद्यालय के लिए उमरवाही और गोड़लवाही में राजनीति गरमा गई है। दोनों ही ग्राम पंचायत अपने स्थल पर महाविद्यालय खोलने की मांग कर रहे हैं।

उमरवाही के ग्रामीणों का कहना है कि गांव की जनसंख्या और भौगोलिक स्थितियां महाविद्यालय के अनुकूल हैं जिससे छात्रों को ज्यादा से ज्यादा फायदा मिल सकता है। वही दूसरी ओर ग्राम पंचायत गोड़लवाही के ग्रामीणों का कहना है कि गांव में कालेज खुलने से गांव का विकास होगा और आदिवासी छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे।



#### सबकी आसान पहुंच

उमरवाही के ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पंचायत के दायरे में 52 गांव हैं, .जहां के हायर सेकेंडरी स्कूल से पास आउट बच्चे उच्च शिक्षा ग्रहण करने आसानी से गांव पहुंच सकते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में कालेज खुलने से तीन जिले के उच्च शिक्षा ग्रहण करने वाले बच्चों को सीधे फायदा मिलेगा।

#### गोड़लवाही के ग्रामीण अड़े

ग्राम पंचायत गोड़लवाही के ग्रामीण चाहते हैं कि महाविद्यालय उनके ग्राम पंचायत क्षेत्र अंतर्गत खुले। कालेज को लेकर दोनों ग्राम पंचायत के बीच रार छिड़ गई है वहीं राजनीतिक दखलंदाजी से मामला पेचीदा होते जा रहा है। दूसरी ओर उमरवाही के ग्रामीणों का कहना है कि गोड़लवाही के ग्रामीण महाविद्यालय खोलने की मांग तो कर रहे हैं. लेकिन उनके पास शासकीय जमीन उपलब्ध नहीं है जिससे वह महाविद्यालय आश्रित ग्राम साल्हेटोला में खोलना चाहते हैं. जहां की आबादी महज 400 है।

#### जमीन उपलब्ध

मुख्यमंत्री ने अपने दौरे के दौरान घोषणा की थी जिसके बाद से ग्रामीण महाविद्यालय की मांग कर रहे हैं। ग्राम पंचायत गोड़लवाही में महाविद्यालय के लिए सरकारी जमीन भी उपलब्ध है।

\- **जगदीश बघेल,** सरपंच गोड़लवाही

#### पुरानी मांग पुरी हुई

26 साल पुरानी मांग को सरकार ने पूरा किया है। कुछ लोग महाविद्यालय के स्थल चयन को लेकर वेवजह विवाद पैदा कर रहे हैं जिससे छात्रों के साथ गांव का नुकसान हो रहा है।

\- **निजामुद्दीन,** पूर्व सरपंच

#### उमरवाही बेहतर विकल्प

उमरवाही के ग्रामीणों 26 साल से महाविद्यालय खोलने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने पूर्व में आंदोलन भी किया था। महाविद्यालय को उमरवाही में खोलना ही बेहतर फैसला हो सकता है।

\- **रमजान बड़गुजर,** भाजपा नेता

#### टीम ने किया सर्वे

उच्च शिक्षा विभाग की टीम ने मौके पर गोड़वाही का सर्वे किया है। मौके पर जमीन देखी गई है। उच्च अधिकारी जैसा निर्देश करेंगे कॉलेज खोलने की दिशा में आगे काम शुरू होगा।

\- **होरीलाल साहू,** सीईओ

## मक्का की खेती से किसान को लाभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ तुमड़ीबोड़

- पानी बचाने बदला फसल चक्र
- धान के बदले लगाया मक्का

साल दर साल गहराते जल संकट को देखते हुए ग्राम पेंडरवानी के किसान रामूदास साहू ने अपने खेतों में धान के बजाए मक्का की बोनी किया था। उनके खेत में रिकॉर्ड पैदावार होने अच्छी आमदनी होना तय है। श्री साहू ने बताया कि वह अब तक 10 एकड़ जमीन पर धान की पैदावार करते रहे है। धान की फसल को तैयार करने में काफी पानी की जरूरत पड़ती थी। पानी के दोहन से जलस्तर नीचे चला जाता था जिससे उन्हे संकट का सामना करना पड़ता था। जल संकट को देखते हुए उन्होंने कृषि विभाग के मार्गदर्शन में धान के बजाए मक्का लगाया। उन्होंने बताया कि मक्का के पौधों की ऊंचाई 9 से 12 फुट तक है। अधिकाशं पौधों में दो भुट्टे लगे है। उन्हे अनुमान है कि मक्के की खेती से प्रति एकड़ करीब 60 से 70 हजार की आमदनी उन्हे हो सकती है।

#### किसानों को किया प्रेरित

उन्होंने बताया कि कम पानी की खपत की मक्का की खेती करने के लिए संपत साहू, कौशल पटेल, संतोष साहू, दीनू सिन्हा को प्रेरित किया। इन किसानों ने भी धान के बजाए मक्का लगाया है जिससे उन्हे भी अच्छी आमदनी होने की संभावना है। सभी किसानों ने कृषि विभाग के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया है जिनके सहयोग से उन्हे कृषि में बदलाव किया जिसका लाभ में उन्हे मिला।

## कथित डाक्टर चला रहे क्लीनिक और लैब

- बिना डिग्री के कर रहे गंभीर रोगों का उपचार, सरकारी अव्यवस्था का उठा रहे लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

शासकीय अस्पताल एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रो में लोगों का पर्याप्त इलाज नहीं होने से झोला छाप डॉक्टरों की दुकानदारी जमकर चल रही है। विकाखंड के 100 गांव में 50 से अधिक कथित डॉक्टर सक्रिय है जो घर पहुंच मरीजो का इलाज कर रहे हैं। इन कथित डाक्टरों ने 25 क्लीनिक भी खोल रखा है। जहां रोग की जांच के साथ पैथोलॉजी सेंटर का भी संचालन किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार शहर की दो बड़ी दवा दुकाने उनकी मांग के अनुरूप जो दवाई उपलब्ध करा रही हैं। उनके दवाखानों में प्रतिबंधित दवाईयों का भी उपयोग किया जा रहा है।

#### गांव-गांव में कथित डाक्टर सक्रिय

जानकारी के अनुसार सररकारी अस्पताल के कर्मचारियों के रिश्तेदार और नर्सिंग होम में काम करने युवा भी लोगों का उपचार करने जुटे हुए है। इन लोगों के पास उपचार करने के लिए अपेक्षित डिग्री नहीं है लेकिन उन्हे लोग डॉक्टर मानकर उपचार करा रहे है। यह लोग अपने घर और क्लीनिक में नाम के आगे डॉक्टर लिखकर बोर्ड लगे रखे हैं। शहर के कई वार्डो में कथित डॉक्टर अपनी दुकानदारी चला रहे हैं। इसी प्रकार हर पंचायत में एक क्लीनिक है। इन डॉक्टरो की क्लीनिक में गंभीर बीमारी का सस्ते में इलाज करने का दावा कर लोगों की सेहत के साथ खिलवाड किया जा रहा है। शासश्य स्वास्थ्य सेवा में कमी के कारण ही वनांचल के लोग इन झोला छाप डॉक्टरो से उपचार कराने मजबूर हैं।

## महिला आरक्षण पर भ्रम फैला रही भाजपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

जिला कांग्रेस कमेटी ने कांग्रेस कार्यालय छुईखदान में प्रेस वार्ता आयोजित कर भाजपा सरकार पर आमजनों को भ्रमित करने का आरोप लगाया है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कोमल दास साहू ने कहा कि भाजपा महिला आरक्षण नहीं, परिसीमन बिल पास कराना चाह रही थी। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा महिला आरक्षण को लेकर लगातार यह भ्रम फैलाया जा रहा कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने महिला आरक्षण बिल का समर्थन नहीं किया जबकि सच्चाई यह है कि महिला आरक्षण बिल 2023 में संसद के दोनों सदनों में पारित हो चुका है। राष्ट्रपति के हस्ताक्षर करने के बाद यह कानून भी बन चुका है।

#### महिला आरक्षण के पक्ष में कांग्रेस

प्रेस वार्ता में कोमल साहू के साथ लाल टारकेश्वर शाह खुसरो, देवराज किशोर दास, सज्जाक खान, सुदीप श्रीवास्तव, रामकुमार पटेल, संदीप सिरमौर, अरुण भारद्वाज, विजय वर्मा, रिंकू, छोटू सिंह ने कहा कि पंचायतों एवं स्थानीय निकायों में महिलाओं को आरक्षण कांग्रेस की नीतियों से मिल रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने 1989 में पंचायतों और निकायों में महिलाओं को आरक्षण देने के लिए संविधान संशोधन विधेयक पेश किया था। सन 93 में तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव ने पंचायतों और निकायों में महिलाओं को आरक्षण देने के लिए विधेयक पेश किया जो पारित होकर कानून बन गया। कांग्रेस के प्रयास से ही पंचायतों और निकायों में 15 लाख से अधिक निर्वाचित महिला प्रतिनिधि हैं।




#### विधेयक इसलिए गिरा

कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि भाजपा सरकार का परिसीमन बिल पर राज्यों को भी आपत्ति थी। भाजपा महिला आरक्षण की आड़ में परिसीमन बिल पास करना चाहती थी। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण बिल को यदि तुरंत लागू करना है तो परिसीमन का इंतजार किए बिना वर्तमान सदस्य संख्या में ही 33 प्रतिशत का आरक्षण देना चाहिए जिसके लिए कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दल तैयार हैं।

#### परिसीमन विधेयक ध्वस्त

उन्होंने कहा कि भाजपा 16 अप्रैल को परिसीमन संशोधन बिल तथा केंद्र शासित प्रदेश कानून संशोधन बिल पास कराना चाहती थी। सरकार ने 131वां संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा में प्रस्तुत किया जो पारित नहीं हो सका। इस विधेयक में लोकसभा की सीटें 850 करने का प्रस्ताव था। परिसीमन विधेयक में परिसीमन के लिए 2011 की जनगणना को आधार बनाने की बात की गई थी। विधेयक में पांडुचेरी, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर के कानूनों में संशोधन की बात की गई थी ताकि परिसीमन और महिला आरक्षण विधेयक लागू किया जा सके।

## लागू हो महिला आरक्षण बिल



**डोंगरगांव।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रवक्ता श्रुति शुक्ला ने महिला आरक्षण बिल को लेकर भाजपा पर भ्रम फैलाने और महिलाओं को गुमराह करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि हाल में लोकसभा में परिसीमन विधेयक ध्वस्त हुआ है किंतु भाजपा नेता महिला आरक्षण बिल के पारित नहीं होने के लिए विपक्ष को जिम्मेदार ठहरा रहे है जबकि सच्चाई यह है महिला आरक्षण विधेयक 2023 को लोकसभा में सभी दलों के सहयोग से पारित हो चुका है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार पूर्व में पारित विधेयक पर अमल कर महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के बजाए परिसीमन की आड़ में अपने राजनीतिक एजेंडे को पूरा करना चाहती थी, जिसका पर्दाफाश लोकसभा में हो गया और सरकार की मंशा पर पानी फिर गया। अपनी नाकामी उजागर होने के बाद भाजपा विपक्ष के सिर पर ठीकरा फोड़ने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि देश की महिलाए अब जागरूक हो चुकी है और वह अब भाजपा के फरेब में नहीं आने वाली है। उन्होंने कहा कि सरकार को महिलाओं की इतनी ही चिंता है तो 2023 में पारित विधेयक पर तुरंत अमल करने की घोषणा करना चाहिए।

## नदी किनारे जुआ खेलते 5 गिरफ्तार

- आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ा पुलिस ने
- आरोपियों से 2780 रुपए जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

जुआ और सट्टा के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गंडई पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने कृतबांस में नदी किनारे दबिश देकर जुआ खेल रहे पांच युवकों को रंगे हाथों पकड़ा है। आरोपियों के पास से 2780 रुपए नगद, ताशपत्ती और प्लास्टिक बोरी जब्त किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि नदी किनारे कौहा पेड़ के नीचे कुछ लोग पैसों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं।

पुलिस ने गवाहों को साथ लेकर मौके पर घेराबंदी की। पुलिस की आहट मिलते ही वहां भगदड़ मच गई। कुछ जुआरी झाड़ियों का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर 5 आरोपियों को धर दबोचा जिसमे त्रिलोक निषाद, रोशन पटेल, देवव्रत वर्मा, गजेन्द्र पटेल और अविनाश पटेल निवासी कृतबांस शामिल हैं। आरोपियों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

## महिला आरक्षण पर श्रेय की राजनीति बंद हो: विष्णु

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव विष्णु लोधी ने कहा है कि महिलाओं के अधिकारों पर श्रेय लेने की राजनीति बंद होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि 2023 में संसद द्वारा पारित महिला आरक्षण कानून को विपक्ष दलों ने समर्थन दिया था इसलिए यह कहना गलत है कि विपक्ष ने महिलाओं के अधिकार का विरोध किया। भाजपा का बयान जनता को गुमराह करने वाला है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब कानून बन चुका है, तो फिर महिलाओं को लाभ क्यों नहीं मिला? उन्होंने कहा कि सरकार ने इस कानून को जनगणना और परिसीमन जैसी लंबी प्रक्रिया से जोड़कर लागू करने में देरी का रास्ता खोल दिया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि महिलाओं को केवल प्रतीकात्मक अधिकार नहीं, बल्कि वास्तविक और समान भागीदारी मिलनी चाहिए। जब तक जातिगत जनगणना के आधार पर पिछड़े वर्ग की महिलाओं को न्यायसंगत हिस्सेदारी नहीं मिलेगी, तब तक यह आरक्षण अधूरा रहेगा। उन्होंने महिला आरक्षण बिल को बिना किसी बहाने और देरी के स्पष्ट समयसीमा के साथ लागू किया जाए, ताकि महिलाओं को संवैधानिक अधिकार मिल सके।

## तैयारियों का संरक्षक ने किया निरीक्षण

# कलशारोहण और प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 22 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया



नगर के प्राचीन मां गंगई मंदिर में आगामी 22 अप्रैल से आयोजित होने वाले शिखर कलश स्थापना एवं श्री हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की तैयारियां अब अंतिम पड़ाव पर हैं। सोमवार को मंदिर के संरक्षक लाल टारकेश्वर शाह खुसरो ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने आयोजन को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने आवश्यक दिशानिर्देश दिए।

महोत्सव की व्यापकता और भक्तों की भारी आवक को देखते हुए करीब एक दशक से बंद बस स्टैंड से मंदिर तक पहुंचने वाले मार्ग को पुनः चालू करते हुए सफाई कराया गया है। इस मार्ग से भक्त मंदिर तक जाते थे जिसे बंद कर दिया गया था।

#### अनुष्ठान की रूपरेखा

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 22 अप्रैल को महोत्सव का शुभारंभ दशविधि स्नान, प्रायश्चित प्रयोग और पंचांग पूजन से होगा। इसके पश्चात भव्य मंगल कलश यात्रा नगर भ्रमण पर निकलेगी। शाम को अग्नि मंथन होगा। आगामी 23 अप्रैल को पंचवेदी पूजन और प्रधान देवी पूजन के साथ जलाधिवास, अन्नाधिवास और होमयज्ञ किए जाएंगे। इसी रात मंदिर प्रांगण में जगराता का आयोजन होगा। आगामी 24 अप्रैल को मंगल देवी का महाभिषेक होगा। दोपहर 12 बजे अभिजीत लग्न में शिखर कलश की प्रतिष्ठा और श्री हनुमंत जी की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। पूर्णाहुति के पश्चात महाप्रसादी का वितरण होगा। निरीक्षण के दौरान साकेत दुबे, राकेश जायसवाल, जनक देवांगन सहित अन्य उपस्थित थे।

#### सुरक्षा और सुविधा पर जोर

निरीक्षण के पश्चात आयोजन समिति ने निर्णय लिया है कि कार्यक्रम की गरिमा और सुरक्षा को देखते हुए पुलिस प्रशासन का सहयोग लिया जाएगा। यातायात को निर्बाध रखने हेतु सभी पहुंच मार्गो से अवैध पार्किंग को हटाया जाएगा। इसके अतिरिक्त कलश यात्रा मार्ग को धूल मुक्त रखने हेतु जल छिड़काव किया जाएगा। नगर के गौरव इस आयोजन में कलश यात्रा के दौरान भक्तों की टोलियां सुरही नदी से जल लेकर भजन-कीर्तन करते मंदिर पहुंचेंगी।

## खबर संक्षेप

### महापौर ने किया अंग्रेजी माध्यम स्कूल का निरीक्षण



**राजनांदगांव।** शहर के गंजपारा स्थित शासकीय अंग्रेजी माध्यम प्राइमरी स्कूल का शुक्रवार को महापौर मधुसूदन यादव ने निरीक्षण किया। उन्होंने स्कूल की व्यवस्थाओं का जायजा लेते क्लास रूम, किचन और लैब का बारीकी से निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कनिष्ठ सभापति संदीप बघेल, पार्षद रवि सिन्हा, पार्षद जैनम बैद, पूर्व पार्षद शरद सिन्हा, पूर्व नामांकित पार्षद राजेश अग्रवाल, प्र. सहायक अभियंता गरिमा वर्मा, उप अभियंता अनुप पाण्डे, प्र.स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा सहित स्कूल की प्राचार्य राबिया सादाब, शिक्षकगण उपस्थित रहे। महापौर ने स्कूल परिसर के समग्र विकास पर जोर देते खेल मैदान में पाथवे निर्माण, परिसर में डोम निर्माण, कारपेट ग्रास लगाने एवं गार्डन विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना पहली प्राथमिकता है, इसके लिए सभी जरूरी कार्य समयबद्ध तरीके से पूरे किए जाएं। महापौर ने गंजपारा स्कूल के पास नया आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए स्थल निरीक्षण कर निर्माण कार्य जल्द प्रारंभ करने कहा।

### कलेक्टर ने सरपंचों के साथ की बैठक, मूलभूत कार्यों को समय पर करें पूरा

# योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज पटवारी प्रशिक्षण केंद्र में राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत सरपंचों के साथ बैठक कर शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायते शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं और इसमें सरपंचों की भूमिका अत्यंत अहम है। कलेक्टर ने सरपंचों से ग्रामीण क्षेत्रों में शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन और मूलभूत सुविधाओं के संबंध में प्रतिक्रिया ली। उन्होंने नाली निर्माण, स्कूलों में अतिरिक्त कक्ष, पेयजल व्यवस्था जैसे मूलभूत कार्यों को प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में पूर्ण के निर्देश दिए।

साथ ही पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए टैक्स कलेक्शन बढ़ाने कहा। उन्होंने पंचायतों की आय बढ़ाने के लिए सामुदायिक भवन एवं व्यावसायिक परिसरों के निर्माण जैसे आय सृजन के उपाय अपनाने कहा, जिससे किराये के माध्यम से नियमित आय प्राप्त हो सके। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक सोलर कनेक्शन लेने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित करने तथा गांवों को सोलर विलेज बनाने कहा।



#### कम पानी उपयोग वाली फसल अपनाने की अपील

कलेक्टर ने गर्मी के मौसम में धान की जगह कम पानी उपयोग वाली दलहन-तिलहन फसल अपनाने कहा। उन्होंने बताया कि पीएम आशा योजना के अंतर्गत शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर दलहन-तिलहन की खरीदी की जा रही है। जिससे किसानों को अच्छी आमदानी प्राप्त हो रही है। उन्होंने कुपोषण मुक्त पंचायत बनाने तथा लखपति दीदी योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। उन्होंने अविवादित बटवारा, नामांतरण प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत आवासों को समय-सीमा में पूर्ण करने कहा। कलेक्टर ने सरपंचों से उनकी पंचायतों में आने वाली समस्याओं पर भी विस्तार से चर्चा की। कलेक्टर ने कहा कि सभी सरपंच आपसी समन्वय के साथ कार्य कर विकास कार्यों में तेजी लाएं, ताकि शासन की योजनाओं का लाभ समय पर प्रत्येक हितग्राही तक पहुंच सके। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह सहित सभी राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम पंचायतों के सरपंच उपस्थित थे।

# महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

**राजनांदगांव।** महिला सशक्तिकरण संघ द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती, डॉ. बाबा साहेब आम्बेडकर की जयंती एवं बौद्ध विवाह समारोह का आयोजन धम्म कीर्ति बुद्ध विहार बसंतपुर, राजनांदगाँव में बड़े हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर तथागत गौतम बुद्ध, महात्मा ज्योतिबा फुले एवं डॉ. बाबा साहेब आम्बेडकर जी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित, माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित कर त्रिशरण पंचशील का सामुहिक पठन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि आयु. वच्छला सहारे सेवा निवृत्त प्राचार्य, महिला पुलिस काउंसलर थी। अतिथि के तौर पर डॉ. रचना रंगारी शुक्ला हॉस्पिटल, डॉ. सुजाता वासनिक स्त्री रोग विशेषज्ञ, श्रीराम हॉस्पिटल, कन्हैया खोब्रागढ़े वरिष्ठ

#### समाजसेवी का सम्मान

जयंती के इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी कन्हैयालाल खोब्रागड़े जी को शॉल भेंट कर सम्मान किया गया तत्पश्चात मुख्य अतिथि सहारे मैडम को मोमेंटो दिया गया। सभी अतिथियों को संस्था द्वारा स्व. बी.एस. जागृत सेवानिवृत्त डी.एस.पी. की स्मृति में भारत का संविधान की पुस्तक वितरित की गई।

समाज सेवी, आयु. नन्दा मेश्राम प्रदेश उपाध्यक्ष एमएसएस छ.ग., आयु. माया वासनिक प्रदेश संगठन सचिव एमएसएस छ.ग., अनिता सहारे प्राचार्य बोरी आयु. लक्ष्मा गजभिये अध्यक्ष महिला मंडल बसंतपुर थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आयु. बुद्धिमित्रा वासनिक, अध्यक्ष महिला सशक्तिकरण संघ जिला राजनांदगाँव, आभार प्रदर्शन माया वासनिक सचिव एमएसएस राजनांदगाँव द्वारा किया गया।

#### बच्चो को दे उत्तम शिक्षाः सहारे

मुख्य अतिथि सहारे मैडम ने बाबा साहेब आम्बेडकर के जीवन की कुछ प्रमुख घटनाओं पर प्रकाश डाला, बच्चों की उत्तम शिक्षा, व्यवहारिक शिक्षा माता पिता को देना चाहिए, वर्तमान में परिवार, विवाह तेजी से टूट रहें है, उनको किस तरह सामंजस्य स्थापित करते हुए बचाया जाए इसके संबंध में जानकारी दी गई।

# नारी शक्ति विरोध से कांग्रेस का चेहरा हुआ बेनकाब : पारख



**राजनांदगांव।** भाजपा के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख ने एनडीए द्वारा संसद में लाए गए नारी शक्ति अधिनियम बिल का विपक्षी पार्टी कांग्रेस व उनके साथियों द्वारा लोकसभा में पारित नहीं होने देने को दुर्भाग्यपूर्ण बताते कहा कि कांग्रेस की शुरू से ही महिला विरोधी मानसिकता रही है। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से लेकर मनमोहन सिंह तक महिलाओं के 30 प्रतिशत आरक्षण के संबंध में बिल पास नहीं होने दिया।

महिलाओं को संसद में आने से रोकने तरह-तरह के उपक्रम किए। उन्हें परकटी तक कहा गया, जो महिला विरोधी मानसिकता का परिचायक है। आज जब देश की आधी आबादी महिला शक्ति हर क्षेत्रों में झंडे गाड़ रही है, तब कांग्रेस सहित उनके विपक्षी साथियों को महिला की राह में रोड़ा अटकाने का काम कर रहे हैं। श्री पारख ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा महिलाओं को आगे बढ़ाने हर संभव प्रयास किया जा रहा है। आजादी के 70 साल बाद उन्हें उनका हक नहीं दिया गया। आज जब उनका हक देने की बात आ रही है तो कांग्रेस और विपक्षी दल परिसीमन और दक्षिण में सीटें कम होने का भ्रम फैलाने के नाम पर नारी शक्ति अधिनियम बिल का विरोध कर अपनी महिला विरोधी मानसिकता का खुलकर इजहार किया। श्री पारख ने कहा कि देश के प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस के इस महिला विरोधी मानसिकता का मूल्य उन्हें चुकाना पड़ेगा।

देश की महिलाएं आने वाले चुनाव में कांग्रेस को मजा अवश्य चुकाएंगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश व प्रांतों की भाजपा सरकार द्वारा महिलाओं के हित में कदम उठाना उनके हाथ को मजबूत करना विपक्षियों को फूटे आंख नहीं भा रहा है।

# जितनी मजबूत प्रारंभिक शिक्षा होगी बच्चा उतनी ही अधिक तरक्की करेगा

### मंत्री गजेन्द्र ने किया 100 उत्कृष्ट शिक्षकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव रविवार को खालसा पब्लिक स्कूल में आयोजित एफएलएन सह नवाजतन वारियर्स शिक्षक सम्मान समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर मंत्री श्री यादव ने कहा कि बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा को मजबूत बनाने एफएलएन (मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता) कार्यक्रम शुरू किया गया है, ताकि बच्चे पढ़ने, लिखने और बोलने में दक्ष बन सकें। उन्होंने कहा कि जितनी मजबूत प्रारंभिक शिक्षा होगी, बच्चा उतनी ही अधिक तरक्की करेगा। बच्चों की नींव शिक्षकों के हाथ में होती है, इसलिए स्कूलों में नए शिक्षण तरीकों और गतिविधि आधारित्त शिक्षा को अपनाया जा रहा है। मंत्री श्री यादव ने एफएलएन के तहत शिक्षकों के अनुभवों पर आधारित एक पुस्तिका का विमोचन भी किया। साथ ही शिक्षा में नवाचार कर विद्यार्थियों को पढ़ने, लिखने और बोलने में दक्ष बनाने वाले 100 उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित किया गया। समारोह में बस्तर के 10, बिलासपुर के 30, दुर्ग के 26, रायपुर के 18 और सरगुजा के 16 शिक्षकों को सम्मानित किया गया।




#### उपायों को किया रेखांकित

राजनांदगांव जिले से माधुरी साहू शासकीय प्राथमिक शाला पुराना ढाबा, अमित कुमार वर्मा शासकीय प्राथमिक शाला कंडरापारा, रूखमिन मंडावी शासकीय प्राथमिक शाला मंगीखुटा को सम्मानित किया गया। एफएलएन सह नवाजतन वारियर्स शिक्षकों का एक ग्रुप बना हुआ है। इसके अध्यक्ष आरके जलतारे (जांजगीर चांपा) ने कहा कि नवाजतन शिक्षण का पेडागाजी सामान्य शिक्षण से अलग है। बच्चों को स्वयं से सीखने, चुनौती स्वीकार करने, जिज्ञासा का समाधान तथा तकनीकी प्रयोग इस शिक्षण में किया जाता है। इस दौरान वक्ता गुरमीत सिंह मोबाइल के प्रभाव और दुष्प्रभाव पर प्रकाश डाला। वहीं डीपीआई के पूर्व उपसंचालक आशुतोष चावरे ने बुनियादी शिक्षा को प्रभावशाली बनाने अब तक किए गए उपायों को रेखांकित किया। इस अवसर पर एससीईआरटी के ज्वाइन डायरेक्टर के. कुमार, दुर्ग डीईओ अरविंद मिश्रा, गरियाबंद डीईओ धीर, सुनील मिश्रा, एफएलएन प्रभारी शबनम खान, मंडल अध्यक्ष महेन्द्र लोढ़ा, कमलेश फेकर, कविता देवांगन, सुमित पांडे, दीपेश पुरोहित, रीता मंडले सहित बड़ी संख्या में शिक्षकगण व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव पर हुए विविध आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव एवं अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर ब्राह्मण समाज डोंगरगढ़ के द्वारा केदार बाड़ी स्थित विप्र भवन में दो दिवसीय भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ,जहां आयोजन के पहले दिन 18 अप्रैल को भवन में समाज की मातृशक्ति एवम बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताए रखी गई थी जिसमें रंगोली प्रतियोगिता, विभिन्न प्रकार के दौड़, पेंटिंग प्रतियोगिता आदि शामिल रहे। वही 19 अप्रैल की सुबह समाज के बटुकों का उपनयन संस्कार सम्पन्न हुआ, जिसमें इस बार डोंगरगढ़ के साथ ही साथ डोंगरगांव के सामाजिक बंधु के बटुक भी शामिल हुए।

समाज की मातृशक्ति के द्वारा विप्र भवन में सुंदर कांड का पाठ किया गया तो वही शाम को भगवान श्री परशुराम जी की भव्य शोभा यात्रा बाइक रैली निकाली गई



जिसमें इस बार भगवान श्री परशुराम जी बग्गी पर सवार हो कर अपने भक्तों को दर्शन देने शहर में निकले थे। रैली के दौरान जय जय परशुराम के नारों से पूरा शहर भक्तिमय हो उठा। नगर के धार्मिक व सामाजसेवी संगठनों माँ बम्लेश्वरी देवी ट्रस्ट समिति, हनुमान भक्ति समिति मारुति नंदन भक्त समिति आदि ने शोभायात्रा बाईक रैली का अलग अलग स्थानों पर जलपान से स्वागत किया। यह शोभायात्रा बाइक रैली केदार बाड़ी स्थित विप्र भवन से शुरू होकर गोल बाजार, बुधवारी पारा, रेलवे चौक, जय स्तम्भ चौक से फिर गोल बाजार पहुंची जहां से भगतसिंह चौक होते हुए पुनः विप्र भवन में समाप्त हुई।

इस आयोजन में ब्राह्मण समाज से सचिव ललित शर्मा, राजेन्द्र गर्ग, राजेन्द्र मिश्रा, युवराज शर्मा, अमिताप पाण्डेय, शशांक उपाध्याय, राहुल मिश्रा, कुलदीप पाण्डेय, जनक तिवारी, सतेन्द्र उपाध्याय, रमाकांत तिवारी, दिनेश दुबे, संजय भूषण मिश्रा,राम खिलावन दुबे, पुरूषोत्तम दुबे, टेना पाण्डेय, योगेन्द्र शर्मा, दीपक झा, राजेश तिवारी, सतीष मिश्रा, देवनारायण शुक्ला, अभिषेक तिवारी, अक्षत गर्ग, श्याम तिवारी, हेमंत तिवारी, सुनील दुबे, सुशील उपाध्याय, सुरज द्विवेदी, सुजीत पाठक, वासुदेव पाण्डेय, द्वारिका प्रसाद दुबे, विष्णु उपाध्याय, निरंजन शर्मा, ओम प्रकाश पाण्डेय, प्रमोद शुक्ला, राजा शर्मा, अमित पाण्डेय, रवि दुबे,उमेश तिवारी, आरती मिश्रा, स्मिता बाजपेई, शशि तिवारी, रिता तिवारी, माधुरी पंडा, आयुषी तिवारी सहित सभी सामाजिक बंधु एवं माताएं शामिल रही।

#### सामाजिक बंधुओं का सम्मान

शोभा यात्रा की समाप्ति के बाद विप्र समाज के द्वारा भगवान श्री परशुराम जी की पूजा अर्चना कर आरती की गई। जिसके बाद विप्र भवन में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर विप्र समाज सहित पूरे शहर को गौरवान्वित करने वाले सामाजिक बंधुओं का सम्मान किया गया जिसमें शशिकांत द्विवेदी को सहकारिता के क्षेत्र में लगातार उनके सराहनीय कार्य के लिए, चंद प्रकाश मिश्रा को धर्म के क्षेत्र में लगातार उत्कृष्ट कार्य करने के लिए, शहीद संजय शर्मा के परिवार को देश सेवा में बलिदान के लिए, कौशल पांडे को देश सेवा के लिए, लाल जी द्विवेदी को शिक्षा के क्षेत्र में, कालिंदी तिवारी को शिक्षा के क्षेत्र में, संजय तिवारी को उच्च शिक्षा में योगदान के लिए, शिव प्रसाद तिवारी को शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए तथा आस्था गिरधर को अंडर 14 रोप स्किपिंग राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त करने पर, अमीषा दुबे को सीबीएसई की 10वीं बोर्ड की परीक्षा में 94.8% अंकों के साथ स्कूल में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर विप्र गौरव अलंकरण से सम्मानित किया गया।

### परीक्षा परिणाम से स्कूल में उत्साह का वातावरण

# युगांतर के आधा दर्जन विद्यार्थियों का सीबीएसई 10वीं बोर्ड में उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सीबीएसई 10वीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद युगांतर पब्लिक स्कूल में उत्साह का वातावरण बना हुआ है। 95 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले 6 विद्यार्थियों ने अलग-अलग क्षेत्रों में बेहतर कैरियर का सपना संजोये आगे बढ़ने उत्साहित हैं।

उल्लेखनीय है कि विद्यालय के छात्र ओजस श्रीवास्तव 98.2 प्रतिशत अंक अर्जित कर राजनांदगांव जिले में प्रथम रहे। उक्त विद्यार्थी ने अंग्रेजी में 90, संस्कृत में 100, मैथ्स में 99, साइंस में 100, सामाजिक विज्ञान में 100 तथा आईटी में 100 अंक अर्जित किए। इनके अलावा यशस्वी रात्रे 97.4 प्रतिशत ने अंग्रेजी में 93, संस्कृत में 99, मैथ्स में 95, साइंस में 97, सामाजिक विज्ञान में 99 तथा आईटी में 99 अंक अर्जित किए। संगम संजय संभरकर 97.4 प्रतिशत ने अंग्रेजी में 99, हिंदी में 95, मैथ्स में 95, साइंस में 95, सामाजिक विज्ञान में 99 तथा आईटी में 99 अंक अर्जित किए। इसी तरह ईशानवी सारडा 96.8 प्रतिशत ने अंग्रेजी में 96, संस्कृत में 97, मैथ्स में 91, साइंस में 93, सामाजिक विज्ञान में 100 तथा आईटी में 98 अंक अर्जित किए। श्रेष्ठ चतुर्वेदी 96.6 प्रतिशत ने अंग्रेजी में 100, हिंदी में 96, मैथ्स में 96, साइंस में 93, सामाजिक विज्ञान में 98 तथा आईटी में 91 अंक अर्जित किए। वहीं सक्षम जैन 95.6 प्रतिशत ने अंग्रेजी में 99, हिंदी में 93, मैथ्स में 93, साइंस में 91, सामाजिक विज्ञान में 94 तथा आईटी में 99 अंक अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।



#### आगे बढ़ने मिलती रही प्रेरणा

सक्षम जैन ने बताया कि उनकी इस सफलता के पीछे उनके माता-पिता, गुरुजन तथा प्राचार्य का असीम योगदान है। उनकी बड़ी दीदी भी समय-समय पर उन्हें आगे बढ़ने प्रेरित करती रही हैं। जिसके फलस्वरूप यह शानदार सफलता प्राप्त हुई। वे भविष्य में इंजीनियरिंग के क्षेत्र में कॅरियर बनाना चाहते हैं। जिससे वे औद्योगिक एवं व्यापारिक क्षेत्र में योगदान दे सकें।

#### डिप्लोमेसी से समाधान संभव

ओजस श्रीवास्तव ने बताया कि वे भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर से प्रेरणा लेकर इंडियन फॉरेन सर्विस में अपना कॅरियर बनाना चाहते हैं। उनका मानना है कि डिप्लोमेसी के माध्यम से देश की कई बड़ी समस्याओं का समाधान संभव है। उन्होंने बताया कि उन्हें सीबीएसई 10वीं बोर्ड में शत-प्रतिशत परिणाम प्राप्त करने की आकांक्षा थी। जिसके लिए उन्होंने प्रारंभ से ही निरंतर मेहनत की। वर्तमान में ऐसा उत्कृष्ट परिणाम देखकर उन्हें अत्यंत प्रसन्नता हो रही है।

#### बनना चाहते हैं विशेषज्ञ

श्रेष्ठ चतुर्वेदी ने बताया कि वे नीट के माध्यम से हृदय रोग विशेषज्ञ बनना चाहते हैं। उन्होंने युगांतर के हॉस्टल की प्रशंसा करते बताया कि यहां सेल्फ-स्टडी के लिए प्रतिदिन 6 से 7 घंटे का पर्याप्त समय मिलता था। जिससे वे पढ़ाई में अच्छी तरह ध्यान केंद्रित कर सके। यशस्वी रात्रे ने भी अपने शिक्षकों, वार्डन तथा प्राचार्य को अपनी सफलता का श्रेय दिया। वे भविष्य में आईएएस बनना चाहते हैं।

#### वातावरण रहता है अच्छा

संगम संजय संभरकर के पालक ने बताया कि युगांतर के हॉस्टल में पढ़ाई का अत्यंत अच्छा वातावरण रहता है। जिसके परिणामस्वरूप उनके पाल्य ने यह शानदार सफलता अर्जित की। संगम भविष्य में जेईई परीक्षा के माध्यम से

#### चिकित्सा के क्षेत्र में बनाना चाहती है कैरियर

ईशानवी सारडा ने बताया कि वे नीट परीक्षा के माध्यम से चिकित्सा क्षेत्र में अपना कॅरियर बनाना चाहती है। वे अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते भविष्य में स्ट्रीट डॉग्स तथा अन्य बेसहारा पशुओं के लिए कार्य करना चाहती है। वे बास्केटबॉल में एक बार नेशनल चैम्पियनशिप तथा तीन बार राज्य स्तरीय चैम्पियनशिप में भाग ले चुकी है और वर्तमान में सीबीएसई 10वीं बोर्ड में शानदार प्रदर्शन से खुशी का अनुभव कर रही है।

# संगठन को व्यापक बनाने बैठक में चर्चा

- अभा पुजारी संघ की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

संस्कृत बचेगी तो संस्कृति बचेगी। अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के कार्यालय प्रमुख वैभव निर्वाणी, आकाश शर्मा एवं दुर्गा पस़ाद तिवारी ने संयुक्त विज्ञप्ति जारी कर बताया कि विगत दिनों राजा बाड़ा श्री राम जानकी मंदिर में अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ की महती बैठक अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवकुमार निर्वाणी जिला प्रभारी निखिल वैष्णव जिला अध्यक्ष भोला दास वैष्णव राजा बाड़ा पुजारी जिला उपाध्यक्ष आदित्य दूबे जिला संगठन सचिव लोकेश दूबे महाकाली मंदिर के विशेष उपस्थिति के मध्य गरिमामय हर्षोल्लास पूर्ण वातावरण में बैठक संपन्न हुई। सर्वप्रथम भगवान राम लक्ष्मण जानकी की पूजा अर्चना की गई तत्पश्चात अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के जिला प्रभारी निखिल दास वैष्णव ने अपने सारगर्भित उद्बबोधन में बताया कि अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ का संगठन को बयापक बनाने के सभी सदस्यों को युद्ध स्तर पर भिड़ जाने का आव्हान किया।



अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवकुमार निर्वाणी ने आगे बताया कि संस्कृत हमारी आत्मा है संस्कृत बचेगी तो भारतीय संस्कृति बचेगी। उक्त अभियान में युद्ध स्तर में जुटे अपीलकर्ता प्रेमनारायण दास, लक्ष्मीनारायण दास, सुरेन्द्र दास डोमन महराज, राज दूबे, संतोष मिश्रा, अनिल तिवारी, विवेक त्रिपाठी, पूजारी पुरोहितों ने संस्कृत भाषा को विलुप्त होने से बचाने के लिए ज्ञात भाषा में संस्कृत भाषा को दर्ज कराने हेतु निवेदन किया। उक्त जानकारी अभा पुजारी पुरोहित संघ के कार्यालय प्रमुख वैभव निर्वाणी आकाश शर्मा एवं तारक निर्मोही ने संयुक्त रूप से दी।

#### विकास के लिए करेंगे प्रयास

अभा पुजारी पुरोहित संघ के जिला अध्यक्ष भोला दास ने कहा कि अभा पुजारी पुरोहित संघ मंदिरों व मंदिर से जुड़े पुजारी पुरोहितों के उत्थान व विकास कै लिए निरंतर प्रयास करते रहेगा। सभी पुजारी पुरोहितों से आव्हान किया कि जनगणना में संस्कृत भाषा को ज्ञात भाषा के रूप दर्ज करवाने के लिए सभी समाजों व आम लोगों को पैरित करें कि प्रमुख भाषा के साथ साथ संस्कृत भाषा को ज्ञात भाषा के रूप में दर्ज करायें।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# भाजयुमो के जिला व मंडल पदाधिकारियों में युवाओं को मिला स्थान

## कार्यकर्ताओं में उत्साह, पदाधिकारियों को दी बधाइयां

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्षों की घोषणा कर दी गई है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश महामंत्री पवन साय, युवा मोर्चा अध्यक्ष राहुल योगी राज टिकरीहा के निर्देशानुसार भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के अनुशंसा पर भाजयुमो के जिला अध्यक्ष चिंटू सोनकर ने जिला पदाधिकारियों की घोषणा कर दी है। जिसमें जिला उपाध्यक्ष- पिन्टु वर्मा, जितेन्द्र साहू, प्रवेश ठाकुर, जयंत साहू, उज्जव कसेर, अनंत तिवारी, अरविन्द बैद, जिला महामंत्री- नोमेश वर्मा, आशुतोष सिंह राजपूत, जिला मंत्री- सुनील सेन, कमलेश प्रजापति, आशु डहरिया, अमन जयसवाल, रवि राजपूत, विवेक वैष्णव, अभिषेक यदु, गुलाब चंदेल, स्वप्नील पटेल, जिला कोषाध्यक्ष- यश पारख, जिला सह-कोषाध्यक्ष जैनम बैद, श्री दिव्यांश जैन, जिला कार्यालय मंत्री तेज सिन्हा, जिला सह कार्यालय मंत्री साकेत वैष्णव, टिकेश्वर सिंह ठाकुर, जिला प्रवक्ता साहिल गोलछा, समीर श्रीवास्तव, अखिलेश सिंह गढेवाल, सोहन साहू, रोहित माखिजा, जिला मीडिया प्रभारी दिग्विजय मिश्रा, आशिष कसार (आशु), सत्यम मिश्रा, मनीष कोसरे, सौरभ रात्रे, जिला प्रशिक्षण प्रमुख प्रिंस प्रशांत हाथीबेड़, सुन्दर पोद्दार, जीत प्रजापति, अविरल मिश्रा, जिला शास. योजना स्वास्थ्य मंडल नीतेश नायक, जसमीत सिंग भाटिया, सोमान्शु गजेन्द्र, सुरज गुप्ता, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख अमित बोस, सोहन साहू (भानपुरी), तिलेश्वर सिन्हा, हिमान्शु पात्रे, सुदर्शन साहू, जिला आई.टी.सेल प्रभारी- नवीन साहू, विशाल शर्मा, श्री अभिषेक सेन मनोज जैन, जिला सोशल मिडिया प्रभारी- चेतन साहू, सुशील कसेर, अलंकृत शर्मा, उमेश साहू, जीतु साहू, शशि साव, जिला विधि सेल प्रमुख डुलेश्वर साहू, अभिषेक शर्मा, जिला विधि सेल प्रमुख- आदर्श तिवारी, जिला कन्या शक्ति संयोजिका- साक्षी भाटिया, तृप्ति पात्रे, निकिता श्रीरंगे, शिवांगी साखरे, जिला खेला एवं कला प्रमुख- प्रदीप झा, मिथलेश सोनकर, शानु यादव, नीति एवं अनुसंधान प्रमुख- राघव ठक्कर, हरीश साहू, हितेश गेण्ड्रे। उक्त नियुक्त पर युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने पदाधिकारियों को बधाईयां दी है।

### 16 मंडलों के पदाधिकारी

राजनांदगांव उत्तर मंडल अध्यक्ष आदित्य पराते, महामंत्री- अंशुल कसार, रिभय यादव, राजनांदगांव दक्षिण मंडल अध्यक्ष आशीष जैन, महामंत्री हिमांशु सोनवानी, आशीष सोरी, महामंत्री, राजनांदगांव ग्रामीण पश्चिम मंडल अध्यक्ष भीषम साहू, महामंत्री चंदन साहू, सौरभ साव, राजनांदगांव ग्रामीण पूर्व मंडल अध्यक्ष गोपाल साहू, महामंत्री शत्रुहन मानिकपुरी, छबि यदु, डोंगरगढ़ शहर मंडल अध्यक्ष आकाश सिंह राजपूत, महामंत्री हिमांशु सेन, शुभम अग्रवाल, डोंगरगढ़ ग्रामीण मंडल अध्यक्ष झुलेन्द्र वर्मा, महामंत्री महेन्द्र त्रिपाठी, हितेश्वर वर्मा, घुमका मंडल अध्यक्ष अक्षय क्षत्रिय, महामंत्री मोहित वर्मा, रूपनारायण साहू, तिलई मंडल अध्यक्ष साकेत वैष्णव, महामंत्री रवि वर्मा, विक्की साहू, डोंगरगांव मंडल अध्यक्ष शरद वैष्णव, महामंत्री गौरव यदु महामंत्री, नवनीत अहिर, अर्जुनी मंडल अध्यक्ष भावेश निक्की, महामंत्री गजेन्द्र कुमार (राजा), यतीस सिन्हा, तुमड़ीबोड़ मंडल अध्यक्ष तिमेश साहू, महामंत्री सुदीप चन्द्रवंशी, शत्रुहन वर्मा, मुसरा-मुरमुंदा मंडल अध्यक्ष पप्पू देवांगन, महामंत्री विक्रम वर्मा, भागवत वर्मा, एलबी नगर मंडल अध्यक्ष घनश्याम यादव, महामंत्री जसबीर सिंह चौहान, राजकुमार वर्मा, छुरिया मंडल अध्यक्ष कुश कुम्भकार, महामंत्री मुकेश मण्डावी, दुर्गेश सिन्हा, कुमर्दा मंडल अध्यक्ष मनीष साहू, महामंत्री ईश्वर निर्मलकर, महादेव पटेल, गैंदाटोला मंडल अध्यक्ष भुपेन्द्र निर्मलकर, महामंत्री उमेश चन्द्रवंशी, होमदास साहू नियुक्त किए गए है।

## सार समाचार

### गोपी बने शहर परिक्षेत्र अध्यक्ष

**राजनांदगांव।** जिला रजक (धोबी) समाज की महत्वपूर्ण बैठक दीनदयाल नगर स्थित सामाजिक भवन में आयोजित की गई। बैठक में



समाज के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने और नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर अहम निर्णय लिए गए। बैठक में वर्ष 2023 से 16 अप्रैल 2026 तक तीन वर्ष पूर्ण होने पर वर्तमान जिला पदाधिकारियों का कार्यकाल समाप्त घोषित किया गया।

बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर आगामी नई कार्यकारिणी के चयन हेतु सभी परिक्षेत्र से अध्यक्ष/ सचिव/ अन्य स्वजातीय बंधु कुल दो-दो व्यक्ति मिलकर मनोनीत कर की जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। इसके तहत 17 मई 2026 को जिला अध्यक्ष सहित अन्य पदों के लिए चयन कराए जाएंगे।

पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि चयन प्रक्रिया पारदर्शी, निष्पक्ष और लोकतांत्रिक तरीके से संपन्न कराई जाएगी। जिससे समाज के प्रत्येक सदस्य को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का अवसर मिल सके। बैठक में शहर परिक्षेत्र अध्यक्ष के चयन पर भी चर्चा की गई। कार्यकाल पूर्ण होने के बाद नए अध्यक्ष के रूप में गोपी रजक का नाम प्रस्तावित किया गया, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकृति देते उन्हें शहर परिक्षेत्र अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी लोकेश रजक द्वारा दी गई।

### गांधी नगर में सम्मानित हुए कवि अखिलेश्वर

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ साहित्य सृजन समिति के अध्यक्ष व कला साहित्य के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने वाले फिल्म निर्माता अखिलेश्वर



प्रसाद मिश्रा "अकाट्य" को गुजरात के गांधीनगर में प्रेम पुष्प शिरोमणि सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान गुजरात के गांधीनगर में आयोजित साहित्यकारो के महाकुंभ समरस संस्थान के 11 राष्ट्रीय अधिवेशन - 2026 मे श्री अकाट्य को उनके साहित्य एवं सृजनशीलता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए समर्पण एवं निरंतर सृजन शीलता के लिए संस्थान प्रमुख मुकेश कुमार व्यास स्नेहिल के हाथों दिया गया।

### गुरूर में साहित्यक आयोजन

**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय कवि संगम व रचना साहित्य समिति के तत्वावधान में बालोद गुरुर में आयोजित साहित्यिक आयोजन में



संस्कारधानी के कवि व साहित्यकार शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आत्माराम कोशा व अध्यक्षता राष्ट्रीय कवि संगम बालोद के अध्यक्ष भरत बुलंदी ने की। इस दौरान सुषमा शुक्ला द्वारा मां शारदे की वंदना कर नारी वंदन से संबंधित सशक्त रचनाए प्रस्तुत की। उक्ताशय की जानकारी साहित्य समिति के सचिव मानसिंह मौलिक द्वारा दी गई।

### कौडूटोला में 26 को सामाजिक समरसता

**राजनांदगांव।** ग्राम कौडूटोला पिनकापार में आगामी 26 अप्रैल को 'सामाजिक समरसता सम्मेलन' का आयोजन किया गया है। संभागीय समिति के अनुमति से आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से नागवंशी गोड़ समाज के नाम से अलग संगठन बनाने वाले अंबागढ़ चौकी ब्लॉक के सामाजिकजनों को उनके सहमति से गोड़ समाज में मिलाने की कार्रवाई की जाएगी।

### एनबीआईएस बोरी में आस्क्रीम पार्टी आयोजित

**राजनांदगांव।** नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में ग्रीष्मकालीन अवकाश के पहले गर्मी से राहत दिलाने शाला में आईस्क्रीम पार्टी का



आयोजन किया गया। कक्षा नर्सरी से लेकर 12वीं तक के छात्रों ने मजे से आईस्क्रीम पार्टी का आनंद उठाया। शाला में ग्रीष्मकालीन अवकाश 20 अप्रैल से 15 जून तक घोषित किया गया है। इस वर्ष भी ग्रीष्मकालीन अवकाश में शाला द्वारा निःशुल्क स्वीमिंग कक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। यह कक्षा स्थानीय गौरवपथ अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम स्थित स्वीमिंग पूल में लगाई जाएगी। इस अवसर पर शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी ने बच्चों को ग्रीष्मकालीन अवकाश पर स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने हेतु अपनी टिप्पणी प्रेषित की। इस अवसर पर शाला की डायरेक्टर सोनल बाजपेयी, प्राचार्य एकता गांधी, एडमिन नितिन चौहान, शिक्षक, छात्र व कार्यालय कर्मचारी उपस्थित रहे।

## डोर टू डोर संपर्क कर लोगों को जागरूक कर रहा बिजली महकमा

# चार जिलों के 17 हजार उपभोक्ताओं को मिली सवा 12 करोड़ रुपए की छूट

हरिभूमि न्यूज : राजनांदगांव

प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी "मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना 2026" राजनांदगांव क्षेत्र के आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों और किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना के अंतर्गत राजनांदगांव, कबीरधाम, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई और मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिलों में बिजली बिलों के बोझ से दबे नागरिकों को राहत देने के लिए वृहद स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है।

इस योजना के माध्यम से इन चार जिलों के लगभग 17 हजार से अधिक उपभोक्ताओं को लाभान्वित किया जा चुका है। इसमें सक्रिय और निष्क्रिय दोनों प्रकार के बीपीएल घरेलू और कृषक श्रेणी के उपभोक्ता शामिल हैं। विभाग द्वारा अब तक मूल बकाया राशि और अधिभार (सरचार्ज) में कुल 12 करोड़ 20 लाख 26 हजार रुपए की भारी छूट प्रदान की गई है। समाधान योजना का मुख्य उद्देश्य बीपीएल, निम्नदाब घरेलू उपभोक्ताओं और कृषि श्रेणी के उपभोक्ताओं को आर्थिक संबल प्रदान करना है।




### 66 वितरण केंद्र में शिविर

कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट ने बताया कि योजना का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए संभाग के 66 वितरण केंद्रों एवं 03 जोनों में विशेष समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। विभाग की टीमें न केवल केंद्रों पर मौजूद हैं, बल्कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में घर-घर जाकर उपभोक्ताओं को योजना की पात्रता और छूट की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जागरूक कर रही हैं। विभाग का लक्ष्य निर्धारित समय सीमा के भीतर शत-प्रतिशत पात्र उपभोक्ताओं को इस योजना के दायरे में लाना है।

### पंडरिया में सर्वाधिक समाधान

योजना के तहत अब तक 12539 निष्क्रिय उपभोक्ता सफलतापूर्वक लाभान्वित हो चुके हैं। साथ ही योजना के दायरे में आने वाले कुल 13722 पात्र सक्रिय उपभोक्ताओं में भी भारी उत्साह देखा जा रहा है। राजनांदगांव रीजन के अंतर्गत चारों जिलों के 07 विद्युत संभागों में सर्वाधिक पंडरिया संभाग से 8533, कवर्धा संभाग से 4983 मोहला संभाग से 1363, राजनांदगांव संभाग से 980, खैरागढ़ संभाग से 812, डोंगरगढ़ संभाग से 757 एवं डोंगरगांव संभाग से 154 सक्रिय एवं निष्क्रिय उपभोक्ता लाभान्वित हो चुकें हैं। इन सक्रिय एवं निष्क्रिय उपभोक्ताओं को मूल बकाया राशि एवं अधिभार (सरचार्ज) में 12 करोड़ 20 लाख 26 हजार रुपए का छूट प्रदान किया जा चुका है। लाभान्वित उपभोक्ताओं द्वारा सक्रियता दिखाते हुए अब तक लगभग 01 करोड़ 02 लाख 30 हजार रुपए की बकाया राशि विभाग में जमा की जा चुकी है।

### अवसर न चूके उपभोक्ता

ऐसे बीपीएल, घरेलू एवं कृषि श्रेणी के उपभोक्ता जो 31 मार्च 2023 से पूर्व के बकाया बिजली बिलों के कारण आर्थिक दबाव महसूस कर रहे हैं, वे इस अवसर को न चूकें। उपभोक्ता अपने नजदीकी वितरण केंद्र या जोन कार्यालय में पहुंचकर बकाया राशि का निपटारा कर सकते हैं।

**- शिरीष सेलट**, कार्यपालक निदेशक

### शास्त्री की 107वीं जयंती पर परिसंवाद आयोजित

**राजनांदगांव।** पं. शिवकुमार शास्त्री की 107वीं जयंती का आयोजन 17 अप्रैल को कान्यकुब्ज सभा द्वारा सुबह 10 बजे कौरिनभाठा स्थित कान्यकुब्ज समाज के सांस्कृतिक भवन में किया गया।

इस अवसर पर शास्त्री जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। आयोजन में मुख्य अतिथि इंद्रनील शंकर दानी ने कहा कि शास्त्री की सादगी और त्याग और सत्य पर विश्वास अकल्पनीय है। शाम 5 बजे ऑनलाइन परिसंवाद के पहले शास्त्री के निवास पर उनके तैलचित्र पर दीप प्रज्जवलित कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इससे साथ ही ऑनलाइन परिसंवाद का कार्यक्रम आरंभ हुआ।

मुख्य अतिथि इंद्रनील शंकर दानी ने अनेक संस्मरण सुनाए। कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता वीरेंद्र पांडेय ने कहा कि आने वाली पीढ़ियां यह विश्वास नहीं कर सकेंगी कि भारतीय राजनीति में ऐसा भी व्यक्तित्व होता था। वे वेद, पुराण, उपनिषद एवं ज्योतिष के प्रकांड विद्वान थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते विनायक तांबे ने कहा कि शास्त्री राजनीति के आदर्श पुरूष थे, उन्हें सत्ता से मोह नहीं था, प्रखर राष्ट्रवादी कुशल संगठक एवं समन्वयक सत्य के स्पष्ट वक्ता थे। शास्त्री के सुपुत्र दिवाकर वाजपेई ने परिवार के साथ बिताए गए समय को याद करते अनेक संस्मरणों को सुनाया। कार्यक्रम के अंत में करुणा शंकर तिवारी ने समस्त वक्ताओं, सहयोगियों एवं सहभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## तालाब के पास बेच रहा था शराब, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शहर के तालाब के किनारे दो बोरी में शराब रखकर अवैध रूप से बिक्री करने की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर आरोपी को पकड़ा, जिससे दो बोरी में 200 पव्वा अंग्रेजी शराब बरामद किया गया है।

ज्ञात हो कि पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन तथा नगर पुलिस अधीक्षक एलेक्ज़ेन्डर किरो के पर्यवेक्षण में असामाजिक गतिविधियों एवं अवैध शराब तस्करी के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस के अनुसार इसी कड़ी में 19 अप्रैल को थाना प्रभारी सिटी कोतवाली के नेतृत्व में पुलिस टीम परशुराम जयंती शोभायात्रा की सुरक्षा व्यवस्था हेतु तैनात थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि मठपारा तालाब के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री कर रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर रेड कार्रवाई की।

### पुलिस ने की कार्रवाई

मौके पर आरोपी मुकेश ठाकुर को हिरासत में लिया गया। जिसके पास से दो बोरियों में भरी हुई कुल 200 नग पौव्वा अंग्रेजी स्पेशल गोवा व्हिस्की बरामद की गई। जिसकी अनुमानित कीमत 24,000 रुपये है, जब्त कर पुलिस ने कब्जे में लिया है। आरोपी के पास शराब रखने या बेचने के संबंध में कोई वैध दस्तावेज नहीं पाए गए। पुलिस ने आरोपी मुकेश ठाकुर 20 वर्ष, मठपारा को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

## महिला आरक्षण पर भाजपा भ्रम फैला रही: मुदलियार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने पत्रकारवार्ता में महिला आरक्षण और परिसीमन को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि भाजपा महिला आरक्षण के नाम पर भ्रम फैला रही है, जबकि नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 पहले ही संसद से पारित होकर कानून बन चुका है।

मुदलियार ने कहा कि भाजपा और उसके नेताओं द्वारा यह प्रचारित किया जा रहा है कि कांग्रेस और विपक्ष ने महिला आरक्षण का समर्थन नहीं किया, जबकि वास्तविकता इसके विपरीत है। कांग्रेस लगातार महिला आरक्षण के पक्ष में रही है और आगे भी रहेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि 16 अप्रैल 2026 को संसद में प्रस्तुत 131वां संविधान संशोधन विधेयक महिला आरक्षण से




संबंधित नहीं था, बल्कि इसके माध्यम से परिसीमन और अन्य संशोधन लागू करने की कोशिश की गई। इसमें लोकसभा की सीटें बढ़ाकर 850 करने तथा राज्यों में 815 और केंद्र शासित प्रदेशों में 35 सीटों का प्रस्ताव रखा गया था। श्रीकिशन खंडेलवाल ने कहा कि महिला आरक्षण को लागू करने के लिए परिसीमन का इंतजार जरूरी नहीं है। मौजूदा सीटों में ही 33 प्रतिशत आरक्षण दिया जा सकता है।

पूर्व अध्यक्ष रमेश राठौर ने महिला आरक्षण के समर्थन में अपने पुराने प्रयासों का भी उल्लेख किया। पार्टी के अनुसार, पंचायत और नगरीय निकायों में महिलाओं को आरक्षण दिलाने की पहल कांग्रेस सरकारों ने की थी। बृजेश श्यामकर ने कहा कि सरकार 2011 की जनगणना के आधार पर परिसीमन करना चाहती है, जबकि नई जनगणना की प्रक्रिया शुरू होने वाली है।

## सीएम ने किया डिजिटल सुविधा केन्द्रों का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने वर्चुअल माध्यम से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (फेज-04) अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास एवं अटल डिजिटल सुविधा केन्द्रों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर राजनांदगांव जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत जनपद पंचायत छुरिया क्षेत्र में 3 करोड़ 87 लाख 3 हजार रुपए की लागत से करमरी से ग्वालिनडीह तक 1 किलोमीटर तथा नवागांव से मासूलजोब तक 2.9 किलोमीटर, कुल 3.9 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। इसके साथ ही जिले में 5 लाख रुपए प्रति भवन की दर से कुल 75 लाख रुपए की लागत से निर्मित 15 अटल डिजिटल सुविधा केन्द्रों का भी शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर जनपद पंचायत छुरिया के सभागृह में आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्ष संजय सिन्हा ने कहा कि इन सड़कों के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन सुदृढ़ होगा और विकास को गति मिलेगी।इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य गोपाल सिंह भुआर्य, अनिता मंडावी, बिरमबाई मंडावी, जनपद पंचायत सदस्य रेखाबाई गंधर्व, उभेराम मंडावी, ओमप्रकाश चंद्रवंशी, रविन्द्र वैष्णव, खिलेश्वर साहू, दिनदयाल साहू, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत छुरिया होरीलाल साहू, कार्यपालन अभियंता पीएस मिश्रा, प्राधिकृत अधिकारी, सेवा सहकारी समिति छुरिया राजेश्वर धुर्वे तथा संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, अटल डिजीटल सुविधा केन्द्र से जुड़े बिहान समूह केडर एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## कुलसचिव ने रखी मास्टर डिग्री की नींव

# एलएलएम कक्षाओं के लिए भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

यथा नाम तथा गुणस्य को चरितार्थ करते हुए नांदगांव शिक्षा मंडल ने अपने शिक्षा जैसे यज्ञ में एक और पूर्णाहुति को संपन्न कर एल एल एम की कक्षाओं की शुरुआती बुनियाद रख दी। अब विधि की स्नातकोत्तर उपाधि के लिए विद्यार्थियों को कहीं और भटकने की जरूरत नहीं पड़ेगी।



विधि महाविद्यालय में भूमि पूजन के लिए मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित हेमचंद यादव विश्वविद्यालय ,दुर्ग के कुलसचिव डॉ.भूपेंद्र कुलदीप ने नांदगांव शिक्षा मंडल द्वारा लिए गए संकल्प को विद्यार्थियों के लिए स्वर्णिम अवसर करार दिया।

भूमि पूजन के उक्त गौरवशाली अवसर पर विधि महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.निमिषा मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से संस्था के उपाध्यक्ष श्री किशन खंडेलवाल , सचिव अनिल वार्ष्णेय , संयुक्त सचिव उमेश अग्रवाल एवं प्रशासक डॉ. आर एन सिंह उपस्थित थे। भूमि पूजन कार्यक्रम में अधिवक्ता जुगल किशोर , बिल्डर शेखर साहू , सुभाष हुंका , दीपक कोठारी , मुकेश बघेल (अध्यक्ष जनभागीदारी समिति , स्टेट स्कूल, शिवा चौबे , अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे एवं वार्ड पार्षद प्रमोद झिंझरे सहित गणमान्य नागरिकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

### विद्यार्थियो को मिलेगी सुविधा

पंडित किशोरी लाल शुक्ल विधि महाविद्यालय की संचालन समिति नांदगांव शिक्षा मंडल के अध्यक्ष सुरेश एच लाल ने एल एल एम की कक्षाओं के लिए भवन निर्माण के प्रारंभिक चरण भूमि पूजन को संस्था के संकल्प का आधार बताते हुए लॉ हब बनाने की दिशा बड़ा कदम बताया। उन्होंने यह भी कहा कि जल्द ही संस्था द्वारा उस दरवाजे को भी खोलने के मार्ग में कार्य किया जाएगा , जो विद्यार्थियों को सीधे बीएएलएलबी तथा बी कॉम. एल एल बी के इंटीग्रेटेड पाठ्यक्रम में प्रवेश दिला सकेगा।



### कोदवा सर्किल के टकटोईया जंगल के कक्ष क्रमांक 522 में लंबे समय से पेड़ों की चोरी-छिपे की जा रही कटाई

# टकटोईया जंगल में वन-विनाश जारी जिम्मेदार विभाग नहीं कर रहा कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पूर्व पंडरिया परिक्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम टकटाईया के जंगलों में इन दिनों इमारती पेड़ों की बड़े पैमाने पर अवैध कटाई का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, कोदवा सर्किल के टकटोईया जंगल के कक्ष क्रमांक 522 में लंबे समय से पेड़ों की चोरी-छिपे कटाई की जा रही है, जिससे न केवल पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंच रहा है बल्कि वन संपदा भी तेजी से समाप्त होती जा रही है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यह अवैध गतिविधि लगातार जारी है, लेकिन संबंधित विभाग इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि जंगल में सराई, कीमती इमारती लकड़ियों के पेड़ रात के समय काटे जा रहे हैं। लकड़ी माफिया सक्रिय होकर इन पेड़ों को काटकर बाहर ले जा रहे हैं।

हैरानी की बात यह है कि इस पूरे मामले की सूचना कई बार वन विभाग को दी जा चुकी है, लेकिन इसके बावजूद विभागीय अधिकारी मौन बने हुए हैं। जानकारी के अनुसार पंडरिया रेंज के अधिकांश वनकर्मी अपने मुख्यालय में ही नहीं रहते इससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई गई तो आने वाले समय में जंगल पूरी तरह उजड़ सकता है। जंगल क्षेत्र में रहने वाले लोगों की आजीविका भी इससे प्रभावित हो रही है, क्योंकि वे वन संसाधनों पर निर्भर रहते हैं। साथ ही, पेड़ों की अंधाधुंध कटाई से जलवायु संतुलन बिगड़ने का खतरा भी बढ़ गया है। कुछ ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि इस अवैध कटाई में स्थानीय स्तर पर कुछ लोगों की मिलीभगत हो सकती है, जिसके चलते कार्यवाही नहीं हो रही है। हालांकि, इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन लगातार हो रही कटाई और विभाग की निष्क्रियता कई सवाल खड़े कर रही है।

#### प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की



पर्यावरण प्रेमियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी इस मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उनका कहना है कि जंगलों की सुरक्षा केवल कागजों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि जमीनी स्तर पर सख्त निगरानी और कार्रवाई की आवश्यकता है। इस पूरे मामले में अब देखना यह होगा कि वन विभाग और प्रशासन कब तक इस पर संज्ञान लेते हैं और दोषियों के खिलाफ क्या कदम उठाते हैं। यदि जल्द ही ठोस कार्यवाही नहीं की गई, तो यह मामला और भी गंभीर रूप ले सकता है, जिससे प्राकृतिक संसाधनों को अपूरणीय क्षति पहुंचने की आशंका है।

# जिले में तेंदूपत्ता संग्रहण को लेकर जोर-शोर से चल रही तैयारियां

- मई के पहले सप्ताह से होगी खरीदी, संग्राहकों को होगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में तेंदूपत्ता संग्रहण को लेकर तैयारियां जोरशोर से चल रही है। अच्छे साफ सूथरे पत्ते ज्यादा से ज्यादा खरीदने का लक्ष्य रखा गया है। जिले में पिछले वर्ष 40 हजार 1 सौ मानक बोरा खरीदी की गई थी। इस वर्ष भी अच्छा करने का प्रयास की ओर करने की बात कही गई है। समितियों ने भी अपनी तैयारी कर ली है।

जिले के वनक्षेत्र में तेंदूपत्ता खरीदी के लिए 19 समितियां बनी हुई है। वहीं 24 संग्रहण केन्द्र बनाए गए है। जिसे वनांचल में हरा सोना भी कहते है, बैगा-आदिवासी परिवार के लोग इसका प्रमुख रूप से संग्रहण का कार्य करते है, जिससे उन्हें आय प्राप्त होती,वनोपज संग्रहण कर वे अपने व परिवार के लिए रोजगार प्राप्त करते हैं। प्रति मानक खरीदी का भुगतान तो होता ही है साथ ही सरकार के द्वारा बोनस भी वितरित किया जाता है। हर साल लक्ष्य बढ़ते क्रम पर है, इस वर्ष भी पिछले वर्ष से और बेहतर करने का प्रयास किया जाएगा। कवर्धा जिले के वनक्षेत्र में मिलने वाले तेंदूपत्ते की क्वालिटी अन्य जगहों से बेहतर मानी जाती है।

इसकी मांग भी काफी ज्यादा है,जितना सही पत्ता मिलता है,उतना ही अच्छा दाम समितियों के माध्यम से संग्राहकों को किया जाता है। जिला वनमंडलाधिकारी निखिल अग्रवाल ने बताया कि मई के पहले सप्ताह से खरीदी होगी । 55 सौ रूपए प्रतिमानक बोरा की दर से खरीदी की जाएगी,जो शासनस्तर पर तय किया गया है। बोनस वगैरह की राशि भी वितरित की जाएगी। ज्यादा से ज्यादा बेहतर पत्ते संग्रहित करने का लक्ष्य है।



#### हरा सोना से सजेगा वनांचल का भविष्य

तेंदूपत्ता संग्रहण इस बार सिर्फ एक वनोपज गतिविधि नहीं, बल्कि वनांचल की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने का बड़ा माध्यम बनकर उभर रहा है। 19 समितियों और 24 केन्द्रों के जरिए सुव्यवस्थित खरीदी से संग्राहकों को समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। 5,500 रुपये प्रति मानक बोरा के साथ बोनस की व्यवस्था ग्रामीण आय को बढ़ाएगी। बेहतर गुणवत्ता के पत्तों की मांग अधिक होने से संग्राहकों को सीधा लाभ मिलेगा, जिससे आदिवासी परिवारों की आजीविका और सशक्त होगी।

## खबर संक्षेप

### भगतपुर में प्याऊ घर का शुभारंभ, राहगीरों को मिलेगी राहत

**कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत भगतपुर में शनिवार को जिले के पांचवें प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया। भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए यह सराहनीय पहल की गई है, जिससे राहगीरों को ठंडा पेयजल उपलब्ध हो सके और उन्हें गर्मी से राहत मिल सके। इस पुनीत कार्य का आयोजन जिला संगठन आयुक्त स्काउट अजय चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में तथा गाइड कैप्टिन एवं प्रधान पाठिका श्रीमती सुरेखा चंद्रवंशी के नेतृत्व में किया गया। बाजार चौक भगतपुर में स्थापित इस प्याऊ घर का उद्देश्य आने-जाने वाले लोगों को स्वच्छ एवं ठंडा पानी उपलब्ध कराना है। गर्मी के मौसम में अक्सर लोगों को पानी की कमी और प्यास की समस्या का सामना करना पड़ता है। ऐसे में इस तरह की व्यवस्था न केवल मानवीय सेवा का उदाहरण है, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी का भी परिचायक है। यह पहल हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जारी रखते हुए ग्रामीणों और राहगीरों के लिए राहत का माध्यम बनी है। प्याऊ घर का उद्घाटन ग्राम भगतपुर के पूर्व सरपंच रामफल चंद्रवंशी द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्रीमती सुरेखा चंद्रवंशी, शिक्षकगण, स्काउट-गाइड के सदस्य तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

# अवैध उत्खनन विवाद ने लिया हिंसक रूप, छात्र से मारपीट

- वीडियो वायरल, दोनों पक्षों पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

कुण्डा थाना क्षेत्र के बघर्रा गांव में तालाब से जुड़े उत्खनन विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। अवैध उत्खनन का विरोध करने वाले छात्र के साथ मारपीट का मामला सामने आया है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति बन गई है।

जानकारी के अनुसार, छात्र हरि चंद्राकर ने तालाब में हो रही खुदाई को लेकर आपत्ति दर्ज कराई थी। आरोप है कि इसके बाद ठेकेदार से जुड़े लोगों ने छात्र को घेरकर उसके साथ मारपीट की। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है। इस संबंध में सब-इंस्पेक्टर जयराम यादव ने बताया कि घटना के बाद दोनों पक्षों की ओर से काउंटर रिपोर्ट दर्ज की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि महली-कुण्डा मार्ग में चल रहे सड़क निर्माण कार्य के लिए पंचायत से प्रस्ताव पारित किया गया था, जिसके तहत साइड शोल्डर में डालने के लिए मुरुम खनन किया जा रहा था। इसी कार्य को लेकर कुछ ग्रामीणों एवं एक छात्र द्वारा शिकायत की गई थी, जिसके बाद विवाद बढ़ा और मारपीट की घटना हुई। पुलिस ने मामले में चार आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है और वायरल वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश तेज कर दी गई है। अधिकारियों के अनुसार, मामले की विस्तृत जांच जारी है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए आगे की कार्रवाई की जाएगी।



#### विरोध से बढ़ा विवाद, हिंसा में बदला मामला

तालाब क्षेत्र में मुरुम खनन को लेकर उठी आपत्ति ने देखते ही देखते मारपीट का रूप ले लिया, जिससे क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार दमहली-–कुण्डा मार्ग निर्माण के लिए पंचायत से प्रस्ताव पारित कर साइड शोल्डर हेतु मुरुम निकाला जा रहा था, जिस पर कुछ ग्रामीणों ने सवाल उठाए।

#### वीडियो वायरल, प्रशासन पर बढ़ा दबाव

मारपीट का वीडियो सामने आने के बाद सोशल मीडिया में तेजी से प्रसार हुआ, जिससे पुलिस-प्रशासन पर त्वरित कार्रवाई का दबाव बढ़ा। घटना के बाद पुलिस ने निष्पक्षता बरतते हुए दोनों पक्षों की शिकायत दर्ज कर जांच शुरू की है। वायरल वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान कर ली गई है और गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है।

# अपराधियों पर सख्ती, अवैध गतिविधियों पर लगातार प्रहार के दिए निर्देशः एसपी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पुलिस अधीक्षक कार्यालय कबीरधाम में सोमवार को पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के नेतृत्व में जिले की अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था की मजबूती एवं आमजन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए किसी भी प्रकार की लापरवाही पर सख्त कार्रवाई के संकेत दिए गए। बैठक में 31 मार्च 2026 की स्थिति में लंबित अपराधों एवं चालान योग्य प्रकरणों की थाना-वार समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया कि गंभीर मामलों में शीघ्र चालान पेश कर विवेचना को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाए। लंबित मर्ग प्रकरणों के त्वरित निराकरण हेतु सूक्ष्म जांच पर विशेष जोर दिया गया। धारा 173(8) एवं 193(9) बीएनएसएस के तहत लंबित मामलों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित कर लगातार दबिश देने के निर्देश दिए गए। साथ ही पेट्रोलिंग, रात्रि गश्त, फ्लैग मार्च एवं पब्लिक विजिबल पुलिसिंग को बढ़ाने पर बल दिया गया, ताकि आमजन में सुरक्षा का विश्वास और अपराधियों में कानून का भय बना रहे। अवैध गतिविधियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति अपनाते हुए अवैध शराब, सूखा नशा, जुआ-सट्टा, आईपीएल सट्टा एवं ऑनलाइन सट्टेबाजी पर लगातार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही एफएसएल एवं अन्य वैज्ञानिक साक्ष्यों की लंबित रिपोर्ट शीघ्र प्राप्त कर न्यायालय में प्रस्तुत करने पर जोर दिया गया। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल, अमित पटेल, एसडीओपी संजय ध्रुव, डीएसपी आशीष शुक्ला, अंजू कुमारी, एसडीओपी बोड़ला अखिलेश कौशिक, एसडीओपी पंडरिया भूपत सिंह सहित सभी थाना एवं चौकी प्रभारी उपस्थित थे।

#### फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान

बैठक में लंबित प्रकरणों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई। इसके लिए विशेष टीम गठित कर लगातार दबिश देने और हर हाल में गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए गए। पुलिस अधिकारियों को स्पष्ट किया गया कि फरार आरोपियों के विरुद्ध सख्त और प्रभावी कार्रवाई में किसी प्रकार की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी।

#### एमएलसी और खात्मा प्रकरणों में पारदर्शिता पर जोर

मुल्जिम मुलाहिजा एमएलसी प्रकरणों की समीक्षा करते हुए चिकित्सीय एवं विधिक प्रक्रिया को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। वहीं खात्मा एवं खारिजी प्रकरणों में पूर्ण पारदर्शिता, निष्पक्षता और तथ्यात्मकता बनाए रखने पर जोर देते हुए प्रत्येक निर्णय को विधिसम्मत एवं न्यायसंगत बनाने की बात कही गई।

### जनगणना-2027 : तहसील प्रगणक और सुपरवाइजरों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण



**हरिभूमि कुण्डा।** पंडरिया ब्लाक के कुंडा तहसील में जनगणना 2027 के लिए प्रगणक और सुपरवाइजर को तीन दिवसीय प्रशिक्षण पूर्व माध्यमिक शाला कुंडा के भवन मे दिया जा रहा है। सभी को जनगणना के लिए तैयार किया जा रहा है। पुरे प्रशिक्षण के लिए चार्ज अधिकारी के रूप मे तहसीलदार राजश्री पाण्डेय के मार्गदर्शन मे बैच का आयोजन दिनांक- 14-04-2026 18-04-2026 और अंतिम बैच 22-04-2026 से 24-06-2026 तक आयोजित किया गया है। तहसीलदार राजश्री पांडेय ने प्रशिक्षण के प्रारंभ में संबोधित करते हुए सभी प्रगणक व सुपरवाइजरों को जनगणना के उद्देश्य व महत्व को बताते हुए सही डाटा एकत्र करने तथा अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने की बात कही। उन्होंने सभी प्रगणको से कहा कि सभी प्रगणकों को हर समय जानकारी व सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। जनगणना के लिए कुंडा तहसील में कुल 178 प्रगणक और 30 सुपरवाइजर को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कुंडा तहसील मे इस के लिए 4 फिल्ड ट्रेनर्स कलीराम चंद्राकर, पवन कुमार पाठक, सोभनाथ साहू और धर्मराज साहू के द्वारा विभिन्न विषयो मे प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पहली बार डिजिटल जनगणना किया जा रहा है, जनगणना पूरी तरह डिजिटल होगा, जिसमें मोबाइल द्वारा गणना की जाएगी मकान गणना और मकान सुचिकरण नजरी नक्शा बनाना सिखाया जा रहा है।

### 17 हजार उपभोक्ताओं को मिली 12.20 करोड़ की बड़ी छूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना 2026 जिले के आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों और किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना के जिले में बिजली बिलों के बोझ से दबे नागरिकों को राहत देने के लिए वृहद स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। इस योजना के माध्यम से राजनांदगांव क्षेत्र के चार जिला राजनांदगांव, कबीरधाम, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई और मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चैकी लगभग 17 हजार से अधिक उपभोक्ताओं को लाभान्वित किया जा चुका है। इसमें सक्रिय और निष्क्रिय दोनों प्रकार के बीपीएल, घरेलू और कृषक श्रेणी के उपभोक्ता शामिल हैं। विभाग द्वारा अब तक मूल बकाया राशि और अधिभार (सरचार्ज) में कुल 12 करोड़ 20 लाख 26 हजार रुपए की भारी छूट प्रदान की गई है।

#### अप्रैल के तीसरे पखवाड़े में दिख रहा गर्मी का असली रूप

# गर्मी का दिखने लगा असर, लोग होने लगे हलाकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में गर्मी का असर दिखने लगा है। दोपहर में घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। कूलर पंखे काम नहीं कर रहे है,गर्मी के बढ़ने के चलते शीतल पेय पदार्थों की मांग बढ़ गई है। दुकानों में भी सन्नाटा पसरा रहता है, बाजार सूनसान नजर आता है। ऐसे में लोगों को सावधानी बरतने की अपील कीगई है। स्वास्थ्य विभाग बीच-बीच एडवाइजरी भी जारी करते रहता है। शहर के अलग-अलग स्थानों में व्यापारी करने वाले व्यापारी परेशान है, ग्राहकों की भीड़ भी नहीं रहती है। शाम को ही ग्राहकी दिखती है। मुख्य बाजार की सड़कों में सन्नाटा पसरा रहता है। दुकानदार भी बड़ी मुश्किल से दुकान में रह पाते है, कूलर काम नहीं कर रहे है। गर्मी से सबका जीना मुहाल हो गया है। मुख्यमार्ग के अलावा सब्जी बाजार का भी हाल कुछ इसी तरह से ही है। दोपहर में कोई खास लोगों की मौजूदगी नहीं रहती है। सब्जी व्यापारी ठेले के पास छांव बनाकर रहते है या फिर छतरी लेकर बैठते है। साथ ही कई दुकानदार ऐसे भी है,जो दोपहर में अपनी दुकान ही नहीं खोल रहे है। ठेला खाली रखा हुआ है, शाम 5 बजे के बाद ही बाजार में कुछ हलचल रहती है। दोपहर में वहीं लोग बाहर निकल रहे है, जिन्हें ज्यादा जरूरी होता है शादी ब्याह के सीजन में भी अपेक्षाकृत कम भीड़ गर्मी की वजह से ही है। वही मौसम विभाग की ओर से भी चेतावनी जारी की गई है, आगामी कुछ दिनों तक घरों से बाहर निकलने से मना किया गया। खासकर 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक बाहर निकलने में सावधानी बरतने की बात कही गई है। अभी हाल में 41 से 42 डिग्री अधिकतम तापमान चल रहा है, जो आने वाले दिनों में बढ़ सकता है। साथ ही खानपान को लेकर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। हल्का सुपाच्य भोजन करने की जरूरत है। कोल्डड्रींक का उपयोग कम करने कहा गया है। पीना ही है तो नारियल पानी, गन्ने का रस बिना बर्फ का, लस्सी घर में बना, बिना किसी केमिकल वाला बाजार से खरीदकर कम ही उपयोग हो छोटी-छोटी सावधानी बरतने से गर्मी से बचा जा सकता है।



# अक्षय तृतीया पर श्रद्धा, ग्रामीण अंचलों में पूजन, व्रत व दान का विशेष महत्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव, कुंडा, दामापुर, भगतपुर, धनेली, पीपरमाटी, कंझेटा, मोहतरा कला, सेमरकोना, बसनी सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में अक्षय तृतीया का पावन पर्व बड़े ही श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग देवी-देवताओं की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करते नजर आए और गांव की सुख-शांति व समृद्धि के लिए प्रार्थना की गई। ग्रामीण क्षेत्रों में इस अवसर पर पारंपरिक उत्सव की झलक भी देखने को मिली, जहां छोटे-छोटे बच्चों ने गुड्डा-गुड़िया का विवाह रचाकर लोक परंपराओं को जीवंत बनाए रखा। यह दृश्य लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र रहा और सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने का माध्यम बना। हिंदू धर्म में अक्षय तृतीया का विशेष महत्व माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन किया गया कोई भी शुभ कार्य, दान, पूजा या व्रत कभी व्यर्थ नहीं जाता, बल्कि उसका फल "अक्षय" यानी अनंत काल तक मिलता रहता है। इस दिन व्रत रखकर और कथा का पाठ करने से मां लक्ष्मी और भगवान विष्णु की विशेष कृपा प्राप्त होती है, जिससे जीवन में सुख, समृद्धि और पुण्य की वृद्धि होती है। पौराणिक कथा के अनुसार, धर्मदास नामक एक गरीब वैश्य ने अक्षय तृतीया का व्रत रखकर और अपनी सामर्थ्य अनुसार दान देकर अद्भुत पुण्य अर्जित किया। उसके इस पुण्य के प्रभाव से वह अगले जन्म में एक प्रतापी राजा बना। यह कथा लोगों को आस्था, दान और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। अक्षय तृतीया जिसे 'आखा तीज भी कहा जाता है, को अबूझ मुहूर्त माना जाता है। इस दिन बिना किसी विशेष मुहूर्त के विवाह, गृह प्रवेश, सोना-चांदी खरीदना और अन्य शुभ कार्य किए जाते हैं। यही कारण है कि यह पर्व भारतीय संस्कृति और आस्था का महत्वपूर्ण प्रतीक बन चुका है।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### महिला आरक्षण का मुद्दा, सरकार पर सीमा ने उठाए सवाल

**हरिभूमि कवर्धा।** महिला आरक्षण को लेकर देशभर में चल रही बहस के बीच कबीरधाम महिला जिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा अगम अनंत ने केंद्र सरकार के रुख पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि पहले महिला आरक्षण को वर्ष 2026 की जनगणना एवं परिसीमन के बाद लागू करने की बात कही गई थी, लेकिन अब 2011 की जनगणना के आधार पर इसे लागू करने की चर्चा सामने आ रही है, जो सरकार की नीतियों में असंगति को दर्शाता है। सीमा अगम अनंत ने कहा कि यदि 2011 की जनगणना को ही आधार माना जा रहा है, तो वर्तमान लोकसभा की 543 सीटों के आधार पर महिलाओं को आरक्षण तत्काल लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि इस मुद्दे पर सरकार का रुख स्पष्ट नहीं है, जिससे आम जनता में भ्रम की स्थिति बन रही है। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, लेकिन इसके क्रियान्वयन में देरी और बदलते आधार सरकार की मंशा पर सवाल खड़े करते हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से इस विषय में स्पष्ट नीति और समय-सीमा घोषित करने की मांग की है। महिलाओं को उनका अधिकार समय पर मिलना चाहिए और इस दिशा में किसी भी प्रकार की अनिश्चितता उचित नहीं है।



### ग्राम नेऊर की निजी भूमि पर निर्माण अतिक्रमण बताना भ्रामक

**कवर्धा।** हाल ही में प्रकाशित एक समाचार में छोटू तालाब किनारे निर्माण को अतिक्रमण बताया गया है, जिसे संबंधित पक्ष ने पूरी तरह गलत बताया है। उनका कहना है कि यह निर्माण खसरा नंबर 354/5, ग्राम नेऊर की निजी भूमि पर किया जा रहा है और तालाब की किसी भी जमीन का अतिक्रमण नहीं हुआ है। उन्होंने स्पष्ट किया कि तालाब की सीमा निर्माण स्थल से अलग है तथा सभी वैध दस्तावेज उपलब्ध हैं। ग्राम सरपंच ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति अपनी निजी भूमि पर निर्माण करता है, तो यह उसका वैधानिक अधिकार है। जिस पर संबंधित पक्ष ने कहा है कि आवश्यक होने पर राजस्व विभाग द्वारा सीमांकन कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट की जा सकती है।

# भाजपा महिला आरक्षण के नाम पर देश को गुमराह करने की साजिश कर रही : नवीन

- कांग्रेस कमेटी का पत्रकारवार्ता में भाजपा पर साधा निशाना : जायसवाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कवर्धा

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने पत्रकारवार्ता में भाजपा पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा महिला आरक्षण के नाम पर देश को गुमराह करने की साजिश कर रही है। श्री जायसवाल ने साफ कहा कि भाजपा महिला आरक्षण की पक्षधर नहीं, बल्कि परिसीमन के बहाने अपने राजनीतिक फायदे साधना चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने 16 अप्रैल 2026 को जो विधेयक संसद में पेश किया, उसका महिला आरक्षण से कोई लेना-देना नहीं था, बल्कि यह परिसीमन संशोधन और केंद्र शासित प्रदेश कानून में बदलाव का प्रयास था, जिसे महिला आरक्षण का मुखौटा पहनाया गया। उन्होंने भाजपा के झूठ के नैरेटिव पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 (128वां संविधान संशोधन) पहले ही संसद के दोनों सदनों से पारित हो चुका है और राष्ट्रपति द्वारा अनुमोदित होकर कानून बन चुका है। इसके बावजूद भाजपा लगातार यह भ्रम फैला रही है कि कांग्रेस और विपक्ष ने महिला आरक्षण का विरोध किया जो पूरी तरह झूठ और जनता को गुमराह करने की साजिश है।

नवीन जायसवाल ने सवाल उठाया कि जब देश में नई जनगणना 2026-27 में प्रस्तावित है और जाति जनगणना की बात खुद सरकार कर चुकी है, तो फिर भाजपा 2011 की जनगणना के आधार पर परिसीमन क्यों करना चाहती है? इसका सीधा मतलब है कि भाजपा अपनी राजनीतिक सुविधा के अनुसार सीटों का नक्शा बदलना चाहती है। उन्होंने मणिपुर की घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि जहां बेटियों के साथ अमानवीय घटनाएं हुई, वहां चुप बैठी भाजपा आज महिला सशक्तिकरण की बात कर रही है यह देश की महिलाओं का अपमान है। पूर्व विधायक ममता चंद्राकर ने कहा कि अगर भाजपा सच में महिला आरक्षण चाहती है, तो 543 सीटों पर तत्काल लागू करे। भाजपा को डर है कि निष्पक्ष व्यवस्था में उसकी सत्ता कमजोर पड़ जाएगी। महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष सीमा अनंत ने खुलासा किया कि हाल ही में लाए गए विधेयक में लोकसभा की सीटें बढ़ाकर 850 करने का प्रस्ताव था, जिसमें परिसीमन के लिए 2011 की जनगणना को आधार बनाया जा रहा था जो पूरी तरह संदिग्ध और राजनीतिक रूप से प्रेरित कदम है। किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष रवि चंद्रवंशी ने कहा कि मोदी सरकार पिछले 12 वर्षों से झूठ और भ्रम की राजनीति कर रही है, लेकिन अब देश की जनता सच्चाई समझ चुकी है। युवा नेता तुकाराम चंद्रवंशी ने कहा कि महिलाओं को पंचायतों और नगरीय निकायों में जो आरक्षण मिला, वह कांग्रेस की ऐतिहासिक नीतियों का परिणाम है। राजीव गांधी से लेकर पीवी नरसिम्हा राव और डॉ मनमोहन सिंह तक, कांग्रेस ने हमेशा महिला सशक्तिकरण को आगे बढ़ाया है। अंत में कांग्रेस नेताओं ने एक स्वर में कहा कि भाजपा का परिसीमन के जरिए सत्ता बचाने का षड़यंत्र विपक्ष की एकजुटता से विफल हो चुका है। अब भाजपा महिला आरक्षण के नाम पर पूरे देश में भ्रम फैलाने की कोशिश कर रही है, जिसे कांग्रेस हर स्तर पर उजागर करेगी।




## तीन उपार्जन केंद्रों बघर्रा, बाघामुड़ा और रमतला से 4472 क्विंटल धान गायब

# उपार्जन केंद्रों में घोटाला, धान खरीदी के नाम पर लूट का खेल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कवर्धा

जिले में धान घोटाला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। पूर्व में कई धान खरीदी व संग्रहण केंद्रों में करोड़ों रुपए के घोटाले हुए, जिसमें कई निलंबित व एफआईआर भी हुए। वहीं अब भौतिक सत्यापन के बाद फिर से तीन उपार्जन केंद्रों में हेराफेरी का मामला सामने आया है। कांग्रेस नेता आकाश केशरवानी ने बड़ा मुद्दा उठाया है। जिसमें तीन धान खरीदी केंद्र बघर्रा, बाघामुड़ा और रमतला से सामने आए जांच प्रतिवेदन इस बात की पुष्टि करता हैं कि यह महज अनियमितता नहीं, बल्कि सुनियोजित और संगठित आर्थिक अपराध है। हर वर्ष जिले के उपार्जन केंद्रों और धान संग्रहण केंद्र में करोड़ों के धान की हेराफेरी होती है। जांच व भौतिक सत्यापन के बाद मामला उजागर होता है। इसी कड़ी में धान खरीदी केंद्र बघर्रा, बाघामुड़ा और रमतला के जांच व भौतिक सत्यापन से घोटाला सामने आया।

तीनों केंद्रों में कुल 4471.98 क्विंटल धान का हिसाब गड़बड़ है, जिसकी बाजार कीमत समर्थन मूल्य के आधार पर 1 करोड़ 5 लाख 94 हजार रुपए से अधिक बैठती है। यह आंकड़ा न केवल चौंकाने वाला है बल्कि पूरे सिस्टम की विश्वसनीयता पर सवाल खड़ा करता है। तीनों केंद्रों में जांच का एक समान पैटर्न सामने आया, ऑनलाइन पोर्टल पर धान खरीदी के रिकॉर्ड मौजूद, भुगतान भी जारी, लेकिन जब भौतिक सत्यापन किया गया तो उतना धान गोदाम में नहीं मिला। यह अंतर साधारण नहीं था, बल्कि हजारों क्विंटल में था, जो सीधे तौर पर फर्जी खरीदी और रिकॉर्ड में हेरफेर की ओर इशारा करता है। मामले की जांच व भौतिक सत्यापन के बाद जांच प्रतिवेदन कलेक्टर को सौंपा गया। जांच रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि संबंधित अधिकारियों ने न केवल अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन नहीं किया, बल्कि जानबूझकर नियमों को दरकिनार कर इस गड़बड़ी को अंजाम दिया। जांच में यह भी सामने आया कि खरीदी प्रभारी और संबंधित कर्मचारियों ने मिलकर इस गड़बड़ी को अंजाम दिया। धान खरीदी व्यवस्था का उद्देश्य किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाना है, लेकिन इस घोटाले ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर लाभ किसे मिल रहा है। जब फर्जी खरीदी के जरिए पैसा निकाला जाता है तो इसका सीधा असर उन किसानों पर पड़ता है जो ईमानदारी से अपनी फसल बेचते हैं। कई किसानों को भुगतान में देरी, खरीदी में बाधा और अनावश्यक प्रक्रियाओं का सामना करना पड़ता है। इस तरह यह सिर्फ आर्थिक अपराध नहीं, बल्कि किसानों के विश्वास के साथ धोखा है। जिस पर संयुक्त टीम द्वारा किए गए जांच और भौतिक सत्यापन के बाद तीनों जांच रिपोर्ट के सामने आने के बाद प्रशासन ने सख्त रुख अपनाने के संकेत दिए हैं। जांच प्रतिवेदन में खाद्य अधिकारी ने संबंधित खरीदी प्रभारियों, समिति प्रबंधकों और अन्य कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय कार्यवाही और एफआईआर दर्ज करने की अनुशंसा की गई है। इसके अलावा, गड़बड़ी की राशि की वसूली संबंधित केंद्रों को ब्लैकलिस्ट करने की प्रक्रिया दोषियों के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही जैसे कदम उठाए जाने की बात कही गई है। वहीं कलेक्टर न्यायालय में इनकी सुनवाई शुरु हो चुकी है।

### बघर्रा में फर्जी धान खरीदी कर भुगतान



धान खरीदी केंद्र 1251.18 क्विंटल धान की खरीदी कागजों में दिखाई गई, लेकिन मौके पर उसका कोई अस्तित्व नहीं मिला। जांच में यह भी पाया गया कि ऑनलाइन एंट्री और स्टॉक रजिस्टर के बीच भारी अंतर था। कई एंट्रियां ऐसी थीं, जिनका कोई भौतिक आधार ही नहीं था। इससे साफ संकेत मिलता है कि किसानों के नाम पर फर्जी खरीदी दिखाकर 29.64 लाख रुपए का भुगतान उठाया गया।

### बाघामुड़ा में हुआ 45 लाख का खेल

बाघामुड़ा धान खरीदी केंद्र में गड़बड़ी और भी बड़ी पाई गई। यहां 1929.20 क्विंटल धान की कमी सामने आई जिसकी अनुमानित राशि 45.70 लाख रुपए से अधिक है। जांच में स्पष्ट हुआ कि खरीदी प्रभारी ने शासन के निर्देशों को दरकिनार करते हुए रिकॉर्ड में हेरफेर किया। ऑनलाइन डेटा और भौतिक स्टॉक में भारी अंतर इस बात का प्रमाण है कि यह सिर्फ लापरवाही नहीं, बल्कि सुनियोजित भ्रष्टाचार है।

### रमतला में 30 लाख का धान गायब

रमतला केंद्र में 1291.60 क्विटल धान की अनियमितता उजागर हुई। यहां भी वही पैटर्न दोहराया गया। रिकॉर्ड में खरीदी, लेकिन गोदाम में स्टॉक गायब। जांच में सामने आया कि पुराने स्टॉक को नया दिखाने और नए स्टॉक को छिपाने जैसे तरीके अपनाए गए। यह दर्शाता है कि गड़बड़ी एक दिन में नहीं, बल्कि लंबे समय से योजनाबद्ध तरीके से की जा रही थी। यहां पर 30.60 लाख रुपए का नुकसान होना पाया गया।

# भालुचूवा में जनसंपर्क कर चलाया गांव चलो अभियान



- नितेश ने व्यापक जनसंपर्क कर ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कवर्धा

भाजपा द्वारा अंबेडकर जयंती पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में गांव चलो-संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में भाजपा जिला महामंत्री नितेश अग्रवाल ने अनुसूचित जाति बहुल ग्राम भालुचूवा में व्यापक जनसंपर्क कर ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया।

अभियान के दौरान नितेश अग्रवाल ने अनुसूचित जाति बस्तियों में घर-घर पहुंचकर लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं एवं जरूरतों की जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि इन योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना पार्टी का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने डॉ भीमराव अंबेडकर को सामाजिक समरसता का प्रतीक बताते हुए कहा कि उनके विचारों को आत्मसात कर ही समाज में समानता और विकास का मार्ग प्रशस्त किया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार अनुसूचित जाति वर्ग के उत्थान एवं सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणों ने पेयजल, सड़क एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं भी रखीं, जिनके समाधान के लिए संबंधित विभागों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया गया।

इस अवसर पर गांव में निर्मित आंगनबाड़ी भवनों का लोकार्पण एवं विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन भी किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य लोकचंद साहू, जनपद उपाध्यक्ष नंद श्रीवास, जनपद सदस्य भागवत बंजारे, सरपंच चंद्र दिवाकर, हीरो जांगड़े, आशाराम लहरें, रुपचंद, कामदत गेंडरे सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थें। भाजपा का गांव चलो-संपर्क अभियान अंबेडकर जयंती पखवाड़े के अंतर्गत जिले में निरंतर जारी रहेगा, जिसका उद्देश्य समाज के सभी वर्गों तक पहुंचकर उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है।

## महिलाओं के 33 प्रतिशत आरक्षण का विरोध आधी आबादी के अधिकारों पर सवालः दीपा धुर्वे

**हरिभूमि कुई-कुकदुर।** जिला पंचायत सभापति श्रीमती दीपा धुर्वे ने महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाले नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विरोध को लेकर विपक्ष पर कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक विधेयक का विरोध नहीं, बल्कि देश की आधी आबादी के अधिकारों और आकांक्षाओं का विरोध है। लोकसभा के हालिया घटनाक्रम का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इससे विपक्ष की महिलाओं के प्रति वास्तविक सोच उजागर हुई है। उन्होंने कांग्रेस, टीएमसी, डीएमके और समाजवादी पार्टी पर आरोप लगाते हुए कहा कि इन दलों का रुख दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। दीपा धुर्वे ने कहा कि जहां एक ओर केंद्र सरकार महिला सशक्तिकरण को आगे बढ़ा रही है, वहीं विपक्ष राजनीतिक स्वार्थवश ऐसे प्रयासों में बाधा डाल रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि जो दल मंचों से महिलाओं के अधिकारों की बात करते हैं, वे निर्णय के समय पीछे हट जाते हैं। अंत में उन्होंने विश्वास जताया कि देश की महिलाएं इस स्थिति को समझ रही हैं और आने वाले समय में इसका जवाब देंगी।



## अवैध महुआ शराब के साथ महिला गिरफ्तार

**हरिभूमि पंडरिया।** कबीरधाम पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पंडरिया थाना क्षेत्रांतर्गत लगातार तीसरी बड़ी कार्यवाही करते हुए एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने महिला आरोपिया के कब्जे से 7 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की है। जिस पर पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देश पर जिले भर में अवैध शराब पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र सिंह बघेल एवं अमित पटेल तथा एसडीओपी पंडरिया भूपत सिंह धनेश्री के मार्गदर्शन में थाना पंडरिया पुलिस लगातार सूचना संकलन कर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में विगत दिनों 18 अप्रैल को मुखबिर से सूचना मिली कि वार्ड क्रमांक 15 बैरागपारा पंडरिया निवासी परमेश्वरी कोसले अपने घर में हाथ भट्टी से निर्मित कच्ची महुआ शराब रखकर बिक्री कर रही है। सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर दबिश दी और आरोपिया को मौके से गिरफ्तार किया। वहीं तलाशी के दौरान आरोपिया के पास से दो प्लास्टिक जेरिकेन में कुल 7 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 700 रुपए बताई गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के तहत कार्यवाही कर जेल भेजा गया। उक्त कार्यवाहीमें हरिशचंद्र साहू, अभिषेक शर्मा, विकास जांगड़े तथा रत्नी मरावी और दीपा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# स्कूली छात्राओं को आने-जाने में परेशानी होगी दूर पंडरिया विधायक ने सीसी रोड निर्माण को दी मंजूरी

- ग्रामीणों ने इस कार्य के लिए विधायक भावना बोहरा के प्रति आभार व्यक्त किया।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोलेगांव

ग्राम पंचायत कोयलारी कला की लंबे समय से चली आ रही एक महत्वपूर्ण मांग आखिरकार पूरी हो गई है। गांव के स्कूल के पास सीसी रोड निर्माण कार्य को पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है। इस निर्णय से पूरे गांव में खुशी का माहौल है, खासकर उन स्कूली बच्चों और अभिभावकों के बीच, जिन्हें बरसात के मौसम में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। बरसात के दिनों में यह मार्ग पूरी तरह कीचड़ और पानी से भर जाता था, जिससे बच्चों को घुटनों तक पानी में चलकर स्कूल जाना पड़ता था। कई बार बच्चे फिसलकर गिर जाते थे और उनकी पढ़ाई भी प्रभावित होती थी। ऐसे में इस सड़क की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। यह सड़क स्कूल गेट से अटल चौक की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग को जोड़ती है, जिससे गांव के लोगों को आवागमन में भी काफी सुविधा मिलेगी। सीसी रोड बनने से अब बच्चों को सुरक्षित और साफ रास्ता मिलेगा, वहीं ग्रामीणों को भी दैनिक आवागमन में राहत मिलेगी। वहीं सोमवार को इस महत्वपूर्ण निर्माण कार्य का भूमि पूजन जनपद पंचायत पंडरिया के सभापति प्रतिनिधि अश्वनी यदु, सरपंच श्रीमती शारदा पप्पू यादव, पंचगण अब्बू बंजारे, श्रीमती नीरा गंधर्व, उर्मिला मेरावी, शशि यादव, भुनेश्वर भास्कर, टिकैतराम डाहीरे, परमु सारथी, पूर्व उपसरपंच टोपसिंह भास्कर एवं अन्य ग्रामवासियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। ग्रामीणों ने इस कार्य के लिए विधायक भावना बोहरा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सड़क गांव के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।



## कबीर किसान समूह की बैठक में सतत कृषि व जल संरक्षण पर जोर

# पौधारोपण कर प्रकृति को संवारने के लिए संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▸▸ पंडरिया

ग्राम पंचायत डोमसरा के वृक्षारोपण स्थल पर कबीर किसान समूह की मासिक बैठक एवं अक्षय तृतीया के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। छत्तीसगढ़ एग्रिकान समिति के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को सतत कृषि पद्धतियों, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन एवं बदलती परिस्थितियों के अनुरूप खेती के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत बेल वृक्ष की पूजा-अर्चना एवं वृक्षारोपण के साथ की गई। इस दौरान समलिया साहू ने कहा कि अक्षय तृतीया कृषि कार्यों की नई शुरुआत का प्रतीक है और यह दिन समृद्धि एवं शुभ कार्यों के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। किसानों ने सामुदायिक भूमि का भ्रमण कर विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन भी किया। बैठक में संभावित रासायनिक खाद संकट को देखते हुए जैविक विकल्प अपनाने पर जोर दिया गया। किसानों को हरी खाद (सनई), ट्राइकोडर्मा, स्यूडोमोनास, राइजोबियम एवं पीएसबी जैसे बायो-इनपुट्स के उपयोग की जानकारी दी गई। साथ ही नीमास्त्र, जीवामृत, घन जीवामृत एवं पंचपर्णी अर्क जैसे घरेलू जैविक घोल तैयार करने की विधि समझाई गई, जिससे खेती की लागत कम करने और मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने में मदद मिल सके। जल संरक्षण को लेकर किसानों को सोख पीट, वर्षा जल संचयन एवं ड्रिप सिंचाई प्रणाली अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। हरी खाद के बीज वितरण एवं उत्पादन के लिए प्रत्येक किसान को अधिकतम एक एकड़ भूमि तक बीज उपलब्ध कराने तथा कुल कृषि भूमि का 20 से 25 प्रतिशत हिस्सा बीज उत्पादन हेतु सुरक्षित रखने का निर्णय लिया गया। बैठक में सामुदायिक स्तर पर बायो इनपुट रिसोर्स सेंटर स्थापना पर भी चर्चा हुई। ग्राम महली के किसानों ने अपने गांव में इसे स्थापित करने की सहमति दी, जिससे स्थानीय स्तर पर जैविक संसाधन उपलब्ध हो सकेंगे। कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक दीपक बागरी ने किया।

# नि:शुल्क चिकित्सा व राजयोग शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कवर्धा

विकासखंड कवर्धा के ग्राम पनेका में निःशुल्क चिकित्सा शिविर एवं राजयोग मेडिटेशन अनुभूति शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ ब्रह्माकुमार स्व. डॉ ईश्वर की प्रथम पुण्य स्मृति पर श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। शिविर में अनुभवी एवं वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं उपचार की सुविधा प्रदान की गई। इस दौरान डॉ एनके यदु, डॉ सिद्धांत जैन, नितिन जैन, डॉ धर्मेन्द्र चन्द्रवंशी, डॉ नीरज डंडारे, डॉ अर्चना कश्यप, डॉ बिसेन सिन्हा, डॉ दीपेश चन्द्रोल एवं डॉ मयंक नाहटा ने अपनी सेवाएं दीं। राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से मानसिक शांति एवं स्वास्थ्य लाभ के लिए बीके नीलेश्वरी दीदी एवं बीके गोमती बहन ने साधकों को अनुभूति कराई। वहीं निःशुल्क दवा वितरण का कार्य चिन्तामणि एवं उनकी टीम द्वारा किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत पनेका के सरपंच हेमंत साहू, पूर्व जनपद सदस्य खिलेश्वर तथा लेखराम सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने सहयोग प्रदान किया। शिविर की आयोजक प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, उप सेवा केंद्र शिव ज्योति भवन कवर्धा की संचालिका ब्रह्माकुमारी नीलेश्वरी दीदी ने कहा कि सुव्यवस्थित एवं संतुलित जीवन शैली अपनाकर अनेक बीमारियों से बचा जा सकता है। शिविर में ग्राम पनेका एवं आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया।

